दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 25 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 216 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## मानसून सत्र : लगातार चौथे दिन हंगामे की भेंट चढ़ी राज्यसभा की बैठक, स्थगित हुई कार्रवाई



**नई दिल्ली:** मॉनसून सत्र के चौथे दिन भी बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किए जाने के मुद्दे पर विपक्ष ने राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा काटा। हंगामे के कारण बैठक लगातार चौथे दिन भी बाधित रही और एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर पंद्रह मिनट पर कार्यवाही को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

विपक्ष के हंगामे के कारण आज भी प्रश्नकाल नहीं चल पाया। शून्यकाल में आज छह सदस्यों को विदाई दी गयी जिनका कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। छह सदस्यों को विदाई देने के तुरंत बाद विपक्षी सदस्यों ने नियम 267 के तहत दिए गए अपने 30 नोटिस उपसभापति हरिवंश द्वारा अस्वीकार किए जाने के विरोध में हंगामा शुरू कर दिया, जिसके चलते 12 बज कर तीस मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए मिले 30 नोटिस :** सदन की बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत, नियत कामकाज स्थगित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 30 नोटिस मिले हैं। उपसभापति ने बताया कि सुखेंदु शेखर राय, रीताव्रता बनर्जी, मौसम नूर, जे सी चंद्र शेखर, मोहम्मद नदीमुल हक, रंजीत रंजन, जे बी माथेर हीशम, नीरज डांगी, संजय सिंह, महुआ मांझी, सैयद नासिर हुसैन, तिरुचि शिवा, जॉन ब्रिटास, सुष्मिता देव, मनोज कुमार झा, डॉ डी शिवादासन ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिए हैं।




# बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े बृज विहार की ज्वैलर्स शॉप में की लाखों की लूट, घटना का सीसीटीवी हुआ वायरल

**- ग्रॉसरी और फूड डिलीवरी कंपनी की ड्रेस में स्पलेंडर बाइक पर आए थे बदमाश**

**- पुलिस कमिश्नर और एडिशनल सीपी जांच के लिए मौके पर पहुंचे**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ट्रांस हिंडन जोन लिंक रोड थानाक्षेत्र बृज विहार इलाके में गुरुवार की दोपहर करीब 3:30 बजे बृज विहार क्षेत्र में मानसी ज्वेलर्स की दुकान में स्प्लेंडर बाइक पर आए हेलमेट और मास्क लगाए दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया और तमंचा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। लूट की इस वारदात में बदमाश दुकान से लगभग 20 किलो चांदी, 125 ग्राम सोना और दो लाख रुपये कैश लूटकर फरार हो गए। इस मामले में दुकान के मालिक कृष्ण कुमार वर्मा निवासी बृज विहार ने पुलिस को सूचना दी। घटना के वक्त दुकान के मालिक कृष्ण वर्मा अपने घर खाना खाने गए हुए थे। वारदात करीब 10 मिनट के भीतर हुई । जिस वक्त वारदात हुई दुकान में काम करने वाला नौकर शुभम मौजूद था। घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी और रात को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। साथ ही बदमाशों के हुलिया मिलन भी किया जा रहा है। बताया जा रहा है की वारदात को खोलने के लिए दो टीमों का गठन किया गया है।

### लाखों का कैश और आभूषण लेकर फरार हुए लुटेरे



करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बृज विहार निवासी कृष्ण कुमार वर्मा की मानसी ज्वेलर्स के नाम से बृज विहार में दुकान है। गुरुवार को वह दोपहर में खाना खाने घर गए। इसी दौरान करीब 3 :30 बजे के आसपास दुकान में उनका नौकर शुभम मौजूद था। तभी दो बदमाश हेलमेट और मास्क लगाए स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से आए। जिसमें से एक व्यक्ति ने स्विग्गी स्मार्ट 10 की ऑरेंज ड्रेस पहनी हुई थी। तो दूसरे ने बलिंकिट कंपनी की पीली-काली ड्रेस पहनी हुई थी। दुकान में बदमाशों ने तमंचे के बल पर वारदात को अंजाम दिया और मौके से लाखों की जेवर और कैश लेकर फरार हो गए।

### कांवड़ के बाद बदमाशों ने पुलिस को दिया चैलेंज





करंट क्राइम : लिंक रोड में हुई ज्वेलर्स की दुकान के भीतर घुस के लूट की वारदात पुलिस के सिस्टम पर सवाल उठा रही है। तो वहीं चेकिंग व्यवस्था, गश्त और बीट पुलिसिंग जैसे सिस्टम भी सवालों के घेरे में आ गए हैं। दिनदहाड़े लूट की इस वारदात ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। तो वही जिस तरीके से बदमाशों ने ग्रोसरी और फूड डिलीवरी कंपनी के कपड़ों को पहन कर वारदात को अंजाम दिया है, उससे नजर आ रहा है कि बदमाश बेहद शातिर और प्रोफेशनल हैं।

### पुलिस घटना में इंटरनल इनपुट का कर रही है इशारा

करंट क्राइम इस पूरे मामले में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने करंट क्राइम से बात करते हुए जानकारी दी है की वारदात उस वक्त हुई है, जिस समय नौकर दुकान पर अकेला होता था। रोजाना कृष्ण वर्मा इसी समय खाना खाने के लिए घर जाते थे। पुलिस को शक है कि इसमें लोकल इनपुट भी हो सकता है। वहीं खुलासे के लिए कई टीम बनाई गई हैं।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने स्वर्गीय राजपाल त्यागी को किए श्रद्धा सुमन अर्पित









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी गाजियाबाद आए। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने स्वर्गीय राजपाल त्यागी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नोएडा विधायक पंकज सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# साढ़े चार घंटे की पूछताछ में आरोपी हर्षवर्धन जैन के खुले कई राज

## कई नामी लोगों से दिखाता था संपर्क




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने बुधवार को गाजियाबाद के कवि नगर थानाक्षेत्र में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाफोड़ किया था। इस मामले में आरोपी हर्षवर्धन जैन द्वारा कवि नगर में अवैध रूप से दूतावास चलाया जा रहा था। हर्षवर्धन जैन खुद को दो देशों का राजदूत होने का दावा करता था और चार देशों का राजनीतिक सलाहकार बताता था। जैन के खिलाफ कवि नगर थाने में एसटीएफ नोएडा यूनिट के इंस्पेक्टर सचिन कुमार द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसमें हर्षवर्धन के फर्जी दूतावास से एसटीएफ ने चार लग्जरी गाड़ियां और 12 विदेशी घड़ियां बरामद की थीं। सूत्रों ने बताया है कि आरोपी जैन से यूपी एसटीएफ ने करीब साढ़े चार घंटे तक पूछताछ करते हुए कई जानकारी हासिल की है।

### विदेशी घड़ियों का शौकीन था आरोपी हर्षवर्धन

करंट क्राइम : पता चला है कि नटवरलाल हर्षवर्धन लग्जरी गाड़ियों और घड़ियों का बेहद शौकीन था। विभिन्न देशों के



दूतावास पॉश इलाकों में होते हैं. हर्षवर्धन ने दिमाग लगाया कि यदि वह फर्जी दूतावास दिल्ली में खोलता है तो आसानी से पकड़ा जाएगा, इसलिए उसने गाजियाबाद का पॉश इलाका कवि नगर को चुना। कवि नगर में किराए पर कोठी ली, किसी को फजीवाड़े का शक ना हो, इसके लिए हर्षवर्धन ने पूरी प्लानिंग की थी। कोठी के बाहर विभिन्न देशों के झंडा लगा रखे थे और बाहर खड़ी गाड़ियों पर डिप्लोमेटिक नंबर प्लेट लगी हुई थी कोई भी यह सब देखकर हर्षवर्धन को असली राजदूत और राजनयिक सलाहकार समझ लेता था। कोठी में हर्षवर्धन ने कार्यालय बना रखा था, कार्यालय के अंदर लगी तस्वीरों में हर्षवर्धन को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और देश के गणमान्य व्यक्तियों के साथ दिखाया गया था। यह सभी फोटो हर्षवर्धन ने एडिट करके बनवाए थे. जिससे कार्यालय में आने वाले लोगों को आसानी से प्रभावित किया जा सके।

### दुबई में हर्षवर्धन की मुलाकात शफीक और इब्राहिम से हुई




करंट क्राइम : साल 2000 में हर्षवर्धन जैन चंद्रास्वामी नामक व्यक्ति के संपर्क में आया। चंद्रास्वामी ने लंदन में हर्षवर्धन की मुलाकात अदनान और एहसान से कराई। एहसान के साथ मिलकर हर्षवर्धन ने लंदन में एक दर्जन से अधिक कंपनियां बनाई। जिनका इस्तेमाल दलाली में किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, 2006 में हर्षवर्धन दुबई जाकर बस गया। दुबई में हर्षवर्धन की मुलाकात शफीक और इब्राहिम से हुई। शाफिकर इब्राहिम के साथ मिलकर हर्षवर्धन ने दुबई में कई कंपनियां बनाई, जिनके माध्यम से विभिन्न देशों में काम आदि दिलाने के नाम पर दलाली की गई। जिसमें हर्षवर्धन जैन को अच्छा पैसा मिलने लगा। इसी दौरान हर्षवर्धन जैन ने गुल एफ और अफ्रीका के कई देशों की यात्राएं की और इन देशों में दलाली का काम किया।

# छांगुर बाबा मामले में स्वॉट प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी सस्पेंड

## अब कमिश्नरेट से जुड़े कई पूर्व अधिकारियों की बढ़ेगी टेंशन



**- लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इंस्पेक्टर के नार्को टेस्ट की उठाई मांग, उठाए कई गंभीर सवाल**

**- मेरठ से हुई जांच के बाद आई आंच**



छांगुर बाबा मामले में मेरठ डीआईजी कलानिधि नैथानी द्वारा जांच कराई गई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में स्वॉट टीम के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी को इन दिनों उत्तर प्रदेश के चर्चित छांगुर बाबा गैंग केस के मामले में सस्पेंड कर दिया गया है। आरोप है कि 2001 बैच के इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी साल 2019 मेरठ के सिविल लाइंस थाने में प्रभारी थे। तब बदर अख्तर सिद्दीकी के खिलाफ कई शिकायतें आई थीं, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं की गई। एक पीड़िता के परिजनों ने उनपर आरोप लगाया है कि बदर अख्तर ने उसकी बहन का जबरन धर्म परिवर्तन कराया और फिर फरार हो गया। जब परिवार शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने उल्टा उन्हें ही डरा धमका कर शांत कर दिया और मौके से भगा दिया था। यह मामला जब बीते दिनों सुर्खियों में आया, तो इस मामले की दोबारा से जांच शुरू हुई थी। इस मामले में मेरठ के डीआईजी कलानिधि नैथानी की जांच में यह तथ्य सामने आया साथ ही कुछ और मामले भी निकल कर आए हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड को भेजी। जिसके बाद रिपोर्ट में मिले सबूत के आधार पर पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद में अब्दुल रहमान सिद्दीकी स्वॉट टीम प्रभारी गाजियाबाद क्राइम ब्रांच को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच शुरू हो गई है। तो वहीं इस मामले को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस आयुक्त गाजियाबाद को लैटर लिखा है। उन्होंने कहा है कि निलंबित अब्दुल रहमान सिद्दीकी की तुरंत गिरफ्तारी कर नार्को टेस्ट कराया जाए ताकि जांच प्रभावित न हो। निलंबित अब्दुल रहमान सिद्दीकी के गैलंट्री अवॉर्ड को तत्काल वापस लिया जाए। पूर्व पुलिस आयुक्त के कार्यकाल में गाजियाबाद से लापता हिंदू युवतियों एवं अंतर धार्मिक विवाह के सभी मामलों में उनकी अब्दुल रहमान सिद्दीकी के साथ संबंध की निष्पक्ष जांच हो। वहीं लोनी समेत पूरे गाजियाबाद में गहन सर्चिंग अभियान चलाया जाए, जिससे इस पूरे सिंडिकेट को खत्म किया जा सके और इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा सके।

### मेरठ से जुड़ा बताया जा रहा है पूरा मामला

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है कि निलंबित किए गए इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी साल 2019 में मेरठ के सिविल लाइन थाने के प्रभारी थे। इस दौरान इन्होंने बदल अख्तर सिद्दीकी के खिलाफ आई शिकायत नजअंदाज की थी और पीड़िता को धमकाया था। इसके साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि अब्दुल रहमान सिद्दीकी के संबंध एक आईएएस अधिकारी से रहे हैं और वह छांगूर बाबा वाली जांच में भी शामिल पाए जा रहे हैं।

### गाजियाबाद के कई पूर्व अधिकारियों पर उठ सकते हैं सवाल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2001 बैच के इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान सिद्दीकी पर जो गंभीर आरोप लगे हैं, उसको लेकर जांच शुरू हो गई है। तो वहीं सूत्रों द्वारा जानकारी दी गई है कि अब्दुल रहमान सिद्दीकी को अधिकारियों की रिकमेंडेशन पर गैलंट्री सहित कई महत्वपूर्ण पुरस्कार दिए गए हैं। उन्हें उनके वेतन से अधिक धन राशि के पुरस्कार भी अधिकारियों की वजह से मिलने की जानकारी मिली हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि उन्हें केवल दो साल के कार्यकाल के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम बनने के बाद ही लगभग 11 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया था। अब्दुल रहमान सिद्दीकी मामले में पुलिस ऑफिस से लेकर लाइन में तैनात रहने वाले कई अधिकारी कटघरे में खड़े किए जा सकते हैं।

### 32 दिन में कवि नगर और 25 दिन में क्रॉसिंग से हटाए गए थे रहमान, फिर मिली थी स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच की कमान

करंट क्राइम : छांगुर बाबा मामले में मेरठ डीआईजी कलानिधि नैथानी द्वारा जांच कराई गई। जिसके आधार पर पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद द्वारा रहमान को सस्पेंड किया गया है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में 24 सितंबर को अब्दुल रहमान सिद्दीकी को तात्कालिक एसएसपी पवन कुमार ने कवि नगर जैसे महत्वपूर्ण थाने का चार्ज दिया था लेकिन अब्दुल रहमान सिद्दीकी को 26 अक्टूबर को यहां से हटा दिया गया था। फिर यह स्वॉट प्रभारी क्राइम ब्रांच के प्रभारी बनाए गए। इसके बाद फिर एसएसपी मुनिराज के समय में अब्दुल रहमान सिद्दीकी पर दोबारा कृपा हुई। रहमान को 16 नवंबर 2022 को क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में तैनात किया गया और 11 दिसंबर को इनको वहां से हटकर दोबारा क्राइम ब्रांच भेजा गया। तब से अब्दुल रहमान सिद्दीकी क्राइम ब्रांच में स्वॉट प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्हें कई पुरस्कार और दर्जनों प्रमुख खुलासों में नाम प्रमुखता से रहा।

### निलंबित स्वाट प्रभारी अब्दुल रहमान की तुरंत हो गिरफ्तारी और नार्को टेस्ट : नंदकिशोर गुर्जर



**छांगुर बाबा के पूरे सिंडिकेट के सफाये की मांग की**

करंट क्राइम। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने गुरुवार को छांगुर बाबा प्रकरण में निलंबित स्वाट प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की तुरंत गिरफ्तारी, नार्को टेस्ट और उसकी अवैध गतिविधियों की गहन जांच की मांग की है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि गाजियाबाद की पीड़ित हिंदू बेटियां आज भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं, जबकि छांगुर बाबा और उसके सिंडिकेट ने अरबों की अवैध संपत्ति अर्जित कर रखी है। विधायक ने कहा कि अब्दुल रहमान सिद्दीकी की पत्नी भी इस नेटवर्क में शामिल है और पूर्व पुलिस अधिकारियों की मिलीभगत से उसे महत्वपूर्ण पद और गैलेंट्री अवार्ड जैसे सम्मान के लिए नामित किया गया था, जो पुलिस प्रशासन की छवि पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि अब्दुल रहमान मेरठ और एनसीआर क्षेत्र में लव जिहाद और धर्मांतरण मामलों में सक्रिय रहा है और लोनी में उसका नेटवर्क आज भी सक्रिय है इसलिए पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए लोनी समेत पूरे गाजियाबाद में गहन सर्च अभियान चलाने की जरूरत है।

# बिहार विधानसभा में भारी हंगामा

## तेजस्वी यादव और सम्राट चौधरी में बहस, भाजपा-राजद विधायक भिड़े

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि वो अब चुनाव की घोषणा होने तक चुप रहेंगे और नोटिफिकेशन जारी होने के बाद ही चुनावी वादे और ऐलान करेंगे। सदन में आज दूसरी पाली में भाषण करते हुए तेजस्वी यादव ने पेंशन बढ़ाने, फ्री बिजली, युवा आयोग जैसे अपने वादों का जिक्र करते हुए कहा कि नकलची सरकार ने उनके पीछे-पीछे चल रही है। वोटर लिस्ट रिवीजन पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और तेजस्वी यादव के बीच बहस के बाद दोनों तरफ से हंगामा हो गया। स्पीकर नंद किशोर यादव ने सदन को शाम 4 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सुबह पहली पाली में भी सदन स्थगित हुआ था और 2 बजे से दूसरी पाली शुरू हुई थी। शाम 4 बजे जब कार्यवाही फिर से शुरू हुई, तो विपक्ष ने वेल में आकर जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच ही विनियोग विधेयक पारित कर दिया और सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित हो गई।




**जेडीयू के सांसद ने भी वोटर लिस्ट रिवीजन पर विपक्ष के पक्ष में बात रखी है: तेजस्वी –** तेजस्वी यादव ने कहा कि कल जनता दल यूनाइटेड के सांसद (गिरधारी यादव) ने भी वोटर लिस्ट रिवीजन पर हमारे पक्ष में बात की है। एनडीए के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू ने भी चुनाव आयोग को सुझाव दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आश्वासन दें कि एक भी बिहारी का नाम वोटर लिस्ट से नहीं कटने देंगे। जाति आधारित गणना कराने में नौ से 10 महीने लगे थे। तब बीजेपी वाले कहते थे कि हमारे पास नहीं आया। तो 25 दिन में कहां से 8 करोड़ लोगों के पास चले गए होंगे। ये तो प्रश्न है ही।

**केंद्र सरकार चुनाव आयोग के जरिए गरीबों को वोट से वंचित करने की साजिश कर रही है: महबूब आलम –** सीपीआई-माले के महबूब आलम ने कहा कि केंद्र सरकार चुनाव आयोग के जरिए गरीबों को वोट से वंचित करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के 780 पन्ने के एफिडेविट में एक भी घुसपैठिया का नाम नहीं है, घुसपैठिया शब्द नहीं है। ये लोग घुसपैठिया का नैरेटिव बनाकर असल में मुसलमानों को गाली दे रहे हैं।


**दो लोग बिहार के 14 करोड़ लोगों को चुनौती दे रहे हैं: सूर्यकांत पासवान –** सीपीआई के विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि एक बिहार सौ पर भारी, एक नारा नहीं, हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि दो लोग बिहार के 14 करोड़ लोगों का मताधिकार छीनने का प्रयास कर रहे हैं।

### बिहार विधानसभा में मारपीट की नौबत आई

बिहार विधानसभा में आज दूसरी पाली में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच मारपीट की नौबत आ गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के संबोधन के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक आपस में उलझ गए। पहले तेजस्वी और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के बीच बहस हुई। फिर दोनों पार्टियों के विधायक खड़े होकर बहस करने लगे।

# राजस्थान में विधायकों की सैलरी 10% बढ़ेगी, कुल वेतन-भत्ता 1.51 लाख होगा

**राजस्थान।** राजस्थान में सभी दलों के विधायकों के लिए बड़ी खबर है। इस साल विधायकों की सैलरी में बढ़ोतरी होने जा रही है। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार इसी महीने यानी जुलाई से ही विधायकों की पगार में 10 फीसदी का इजाफा कर रही है। अभी तक उन्हें 40 हजार रुपये प्रति माह का मूल वेतन मिलता है, जो बढ़कर 44 हजार प्रति माह हो जाएगा। यानी विधायक को सालाना 48,000 रुपये ज्यादा वेतन मिलेगा।



फिलहाल, विधायकों को मूल वेतन और भत्ता मिलाकर हर महीने 1,47,000 रुपये मिलते हैं। अब भत्तों में भी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा, पूर्व विधायकों की पेंशन में भी इजाफा किए जाने की तैयारी है।

**पिछले सत्र में पास हो गया था प्रस्ताव :** राजस्थान की बीजेपी सरकार ने विधानसभा के पिछले सत्र में ही यह प्रस्ताव पास कर दिया था। राज्य का विधि विभाग जल्द ही जुलाई महीने से वेतन और पेंशन में बढ़ोत्तरी का ऐलान कर सकता है।

**पूर्व विधायकों की पेंशन कितनी? :** राजस्थान में एक बार के पूर्व विधायक को 35,000 प्रतिमाह पेंशन मिलती है। इसके बाद हर अतिरिक्त 5 साल की सेवा पर 8,000 जुड़ते हैं। यानी, 2 बार विधायक रह चुके नेता को 43,000 रुपये, तीन बार के पूर्व विधायक को 51,000 रुपये, 4 बार विधायक के पूर्व विधायक को 59,000 रुपये।

ऐसे ही 6 बार पूर्व विधायक को 75,000 रुपये पेंशन मिलती है। अब नया अपडेट यह है कि इनकी पेंशन में भी इजाफा होने वाला है। हालांकि, कितनी पढ़ेगी अभी यह तय नहीं किया गया है। विधायकों की बढ़ती सैलरी के बीच अब जनता का सवाल है कि बढ़ती महंगाई और घटती सरकारी नौकरियों के बीच लोग परेशान हैं। ऐसे में विधायकों की सैलरी और पेंशन तुरंत बढ़ाना क्यों जरूरी था? एक ओर जनता डढर के लिए धरने दे रही है और नेताओं की पगार अपने आप बढ़ रही है।

राजस्थान की जनता की मांग है कि विधायकों की सैलरी और पेंशन उनके अच्छे या खराब प्रदर्शन पर निर्भर होनी चाहिए।

### बिहार में शिक्षा, रोजगार और विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस की छात्र इकाई

# एनएसयूआई का पटना में हल्लाबोल

**पटना।** बिहार में शिक्षा, रोजगार और विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने गुरुवार को पटना की सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें राजापुर पुल के पास रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई।




### बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश, वाटर कैनन का प्रयोग

प्रदर्शनकारी जब विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे, तब प्रशासन ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की थी। लेकिन एनएसयूआई कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और उसे तोड़ने की कोशिश की।

हालात बिगड़ते देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

इसके बाद प्रदर्शनकारी वहीं बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। मार्च दोपहर 12 बजे सदाकत आश्रम से शुरू हुआ, जो राजापुर पुल, बोरिंग रोड चौराहा होते हुए विधानसभा की ओर बढ़ा, लेकिन प्रशासनिक रोक के चलते प्रदर्शनकारी वहीं रुक गए।

**शिक्षा और रोजगार बना मुख्य मुद्दा :** एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बिहार सरकार पर शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और बेरोजगारी को लेकर लगातार हमला कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र में कोई ठोस नीति नहीं लाई गई है। फिलहाल पुलिस बल मौके पर तैनात है और स्थिति नियंत्रण में है। पूरे घटनाक्रम की निगरानी वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। वहीं एनएसयूआई ने कहा है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं करती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# बिहार से कर्नाटक तक वोटर लिस्ट में गड़बड़ी

## हमारे पास पूरे सबूत, ईसी को छोड़ेंगे नहीं : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग (ईसी) पर बड़ा हमला बोला है। गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनके पास 100 प्रतिशत पक्के सबूत हैं कि कर्नाटक की एक लोकसभा सीट पर चुनाव आयोग ने धोखाधड़ी को मंजूरी दी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर चुनाव आयोग यह सोच रहा है कि वह बच जाएगा, तो यह उसकी भूल है, हम उसे नहीं छोड़ने वाले।

राहुल गांधी ने दावा किया कि उन्होंने कर्नाटक की केवल एक लोकसभा सीट की जांच की और उसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गईं। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में 45, 50, 60, 65 साल के नए वोटर जुड़ गए हैं। यह सिर्फ एक सीट की बात है। कई सीटों में वोटर डिलीशन (नाम हटाना), नए वोटर जोड़ना, और अवैध तरीके से जोड़ने का काम चल रहा है। हम इन सबूतों को सामने लाएंगे।




**चुनाव आयोग पर सख्त हुए राहुल गांधी :** राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि मैं चुनाव आयोग को संदेश देना चाहता हूं कि अगर आप यह सोचते हैं कि आप बच जाओगे, तो आप गलत हो। हम आपके पीछे आने वाले हैं। यह लोकतंत्र की हत्या है और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**वोटर रिवीजन प्रक्रिया पर भी सवाल :** बिहार में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर राहुल गांधी ने विपक्षी नेताओं की चिंताओं का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बिहार में लाखों वोटर अपने पते पर नहीं मिले हैं और यह प्रक्रिया विपक्ष के वोटरों को वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है और अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने में विफल हो रहा है।

**राहुल बोले- भारत में चुनाव चुराए जा रहे हैं :** राहुल गांधी ने बुधवार को भी कहा था कि देश में चुनाव ₹चुराए₹ जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया था कि कांग्रेस ने इस वोट चोरी का तरीका समझ लिया है और जल्द ही इसका कच्चा-चिट्ठा कागजों पर सामने रखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ शुरूआत है और पूरे देश में ऐसा हो रहा है।

# 2006 मुंबई ट्रेन धमाका हाईकोर्ट के फैसले पर रोक

### धमाके में हुई थी 187 लोगों की मौत



**मुंबई।** 2006 के मुंबई ट्रेन धमाके के मामले में सुप्रीम कोर्ट आरोपियों को बड़ा झटका देते हुए बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगा दी है। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने हाल ही में दिए अपने फैसले में धमाके के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। उच्च न्यायालय के फैसले को महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जेल से रिहाई को बरकरार रखा है।

### पीठ ने कहा- उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा

जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह ने सभी आरोपियों को भी नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि 'उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा'। इसका मतलब है कि जो लोग इसी तरह के आरोपों में जेल में बंद हैं, वे जमानत हासिल करने के लिए इस आदेश का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि सोमवार को, बॉम्बे उच्च न्यालाय के जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने मुंबई ट्रेन धमाके के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया और कहा कि 'अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा और यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है'।

उच्च न्यायालय का फैसला महाराष्ट्र एटीएस के लिए बड़ा झटका है। एजेंसी का दावा है कि आरोपी प्रतिबंधित छात्र संगठन सिमी के सदस्य थे और उन्होंने ही पाकिस्तान स्थित आतंकी सगंठन लश्कर ए तैयबा के सदस्यों के साथ मिलकर बम धमाके की साजिश रची थी।

गौरतलब है कि 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 187 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के बाद इन धमाकों का कोई जिम्मेदार नहीं रह गया था। पूर्व में निचली अदालत ने 12 दोषियों में से पांच को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया गया था।

निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय ने पलट दिया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती वारदातों पर गहरी चिंता जताई

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गैंगस्टर मामलों में बढ़ोतरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ठउफमें दिल्ली के भौगोलिक क्षेत्र से बाहर जाकर देखिए कि फरीदाबाद, गुड़गांव आदि में क्या हो रहा है। आम आदमी को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था जिसने पानीपत में एक हत्या की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन गैंगस्टरों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं होनी चाहिए।




सुप्रीम कोर्ट ने अपने बयान में कहा कि समाज को इनसे छुटकारा पाना होगा। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि दिल्ली में बढ़ रहे इस तरह के अपराधों को देखते हुए लग रहा है कि कानून से आम लोगों का विश्वास कम हो रहा है।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एनआईए के मामलों को लेकर भी कोर्ट ने आपत्ति व्यक्त की थी। दरअसल, कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने मौजूदा अदालतों को विशेष एनआईए अदालत बनाना से मना कर दिया था। कोर्ट ने सरकार से कहा था कि एनआईए कोर्ट स्थापित कीजिए नहीं तो आरोपियों को जमानत दे दी जाएगी। क्योंकि निचली अदालतों पर एनआईए मामले की सुनवाई का अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जा सकता है।

**आंध्र प्रदेश की तारीफ की :** जस्टिस ने आंध्र प्रदेश की तारीफ करते हुए कहा कि हमें आंध्र प्रदेश की सराहना करनी चाहिए जहां विशेष मामलों से निपटने के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के साथ विशेष अदालतें स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता वाली अदालतें मुकदमे को पूरा करने का प्रयास करती हैं।

जस्टिस बागची ने मुकदमें में देरी की वजह बताते हुए कहा कि गवाहों को अपने पक्ष में करने और बरी होने के लिए हर मुकदमे में देरी की जाती है और यही रणनीति है।

# वरिष्ठ फिल्म पत्रकार, आलोचक और लेखक अजीत राय का निधन

### सिनेमा की दुनिया ने एक सच्चा मार्गदर्शक खो दिया

**नई दिल्ली।** 23 जुलाई 2025 को लंदन से आई एक दुखद खबर ने भारतीय फिल्म पत्रकारिता और सिनेमा प्रेमियों को स्तब्ध कर दिया। वरिष्ठ फिल्म पत्रकार, आलोचक और लेखक अजीत राय का निधन हो गया। दशकों से भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की बारीकियों को शब्दों में पिरोने वाले अजीत रॉय ने अपनी लेखनी और विचारों से सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों पाठकों की सिनेमाई दृष्टि को नया आयाम दिया।




अजीत राय सिर्फ फिल्में देखने या समीक्षा करने वाले व्यक्ति नहीं थे, बल्कि वो सिनेमा को एक सांस्कृतिक, राजनीतिक और कलात्मक दस्तावेज की तरह पढ़ते और समझते थे। चाहे वो भारतीय सिनेमा हो, विश्व सिनेमा, थिएटर या दृश्य-कला, उनकी लेखनी हर विषय में गहराई से उतरती थी। उन्होंने उन फिल्मों पर भी लिखा जो आम भारतीय दर्शक की पहुंच से बाहर थीं लेकिन विश्व सिनेमा में चर्चा का केंद्र रहीं।

सिनेमा के हर छोटे-बड़े मंच पर उनकी उपस्थिति महसूस की जाती थी। रायपुर फिल्म फेस्टिवल से लेकर प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल तक, वे हमेशा एक्टिव रहे। उन्होंने इन मंचों से न केवल फिल्मों की समीक्षाएं लिखीं बल्कि फेस्टिवल की सांस्कृतिक और सामाजिक परतों को भी पाठकों के सामने खोला।

**युवा पत्रकारों और छात्रों के लिए थे प्रेरणा स्रोत :** अपने लंबे करियर में अजीत रॉय ने युवा पत्रकारों और फिल्म के छात्रों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

# मानसिक अस्पताल में रोजाना पहुंचने वाले 70 मरीजों को मोबाइल की लत

**वाराणसी।** वाराणसी जिले के पांडेयपुर स्थित मानसिक अस्पताल की ओपीडी में आने वाले 500 मरीजों में रोजाना 50-70 मरीज ऐसे आ रहे हैं, जिनकी सोचने और समझने की क्षमता समाप्त हो चुकी है। चिकित्सकों की काउंसिलिंग में पता चला कि इन्हें मोबाइल की लत है। लगातार रील देखने से बच्चों में सोचने-समझने की क्षमता भी कम हो रही है।

चिकित्सक इलाज के दौरान जानने का प्रयास करते हैं कि वह कितना समय कहां बिता रहे हैं।

मानसिक अस्पताल के निदेशक डॉ. चंद्रप्रकाश मल्ल ने बताया कि अब तक 500 से अधिक मरीजों को काउंसिलिंग के माध्यम से ठीक किया जा चुका है। इसमें उनके माता-पिता का भी सहयोग जरूरी होता है।




### केस - 1

चौबेपुर के एक व्यापारी का छह साल का बेटा बोलने और समझने में असमर्थ था। उन्होंने अपने बेटे को कई डॉक्टरों को दिखाया। परिजन बच्चे को मानसिक अस्पताल ले आए। पिता व्यापारी और मां शिक्षिका थीं। वह स्कूल और ट्यूशन के कारण अपने बच्चे को समय नहीं दे पा रही थीं। मानसिक अस्पताल के चिकित्सकों ने उसके साथ उसके माता-पिता की भी काउंसिलिंग कर छह महीने में बच्चे को ठीक कर दिया।

### केस - 2

चंदौली के प्रसिद्ध वकील के 10 वर्षीय बेटे को भी यही समस्या हुई। बच्चा स्कूल से आते ही मोबाइल में गेम खेलने लग जाता था। कुछ दिनों में ही उसकी याद्दाश्त कमजोर होने लगी। बच्चे को मानसिक अस्पताल में ले जाने पर उसकी काउंसिलिंग की गई। मोबाइल का प्रयोग कम होने पर बच्चा धीरे-धीरे सामान्य होने लगा।

### क्या बोले अधिकारी

इस तरह की अधिकतर शिकायतें बच्चों में आ रही हैं। इन समस्याओं का कारण एकाकी परिवार भी है। माता- पिता के बच्चों को समय न दे पाने के कारण उन्हें रील देखने और वीडियो गेम्स की लत लग रही है। काउंसिलिंग के साथ सजगता और जागरूकता ही इसका एकमात्र इलाज है। **–डॉ. चंद्रप्रकाश मल्ल, निदेशक, मानसिक अस्पताल**

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com






# होने लगी है सपा में पुराने समाजवादियों की वापसी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश की सियासत में समाजवादी पार्टी पूरी तरह से विपक्ष वाले तेवरों के साथ मैदान में है। उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष लगातार सरकार को लेकर सवाल उठाते हैं और वो जनता के बीच हैं। समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को भी यही निर्देश दे रही है और अब समाजवादी पार्टी भी अपना कुनबा जोड़ रही है। वो पुराने समाजवादियों की घर वापसी के लिये अभियान चलाएगी, वो नए सदस्यों को जोड़ेगी और गाजियाबाद में भी इसकी शुरूआत हुई है। सपा में पुराने समाजवादियों की वापसी का अध्याय दिशांत त्यागी के साथ खुला है।

बड़ी बात ये है कि दिशांत त्यागी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिले हैं और ये फैसला लिया गया कि घर वापसी करेंगे। यहां घर वापसी शब्द से मतलब समाजवादी पार्टी में ज्वॉइनिंग है। दिशांत त्यागी ने पूर्व मुख्यमंत्री और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की और ये भी कहा कि पार्टी द्वारा जो दायित्व दिया जाएगा उसका पूरी ईमानदारी से पालन होगा।

दिशांत त्यागी ये शुरूआत हुई है और ये इस बात का संकेत है कि जल्द ही पार्टी में पुराने समाजवादी लौटेंगे। ये इस बात का भी संकेत है कि जो समाजवादी फिलहाल नाराजगी वाले मोड में चल रहे हैं उन्हें भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वापस समाजवादी कार्यालय की ओर मोड़ेंगे।

## त्यागी सम्मेलन में आएंगे अखिलेश तो जाएगा बड़ा संदेश




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिशांत त्यागी समाजवादी पार्टी में लौटे। उन्होंने कहा कि गहन मंथन और अपनों से चर्चा करने के बाद ये फैसला लिया कि घर वापसी करेंगे। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से हुई बातचीत को आत्मीयतापूर्ण बातचीत बताया। दिशांत त्यागी ने लिखा कि विश्व त्यागी परिषद के तत्वावधान में जल्द एक बड़े सम्मेलन में आने की बात कही है। ये सम्मेलन कब होगा, कहां होगा ये इसके आयोजकों को तय करना है, लेकिन यदि अखिलेश यादव गाजियाबाद में त्यागी सम्मेलन में आते हैं तो एक संदेश जाएगा।

# प्राधिकरण बनाएगा हरित मित्र

## हरित मित्र के तौर पर शामिल किए जाएंगे स्थानीय लोग




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गजियाबाद विकास प्राधिकरण अब हर एरिया में हरित मित्र बनाएगा। इन हरित मित्रों में एरिया के आरडब्लूए के पदाधिकारियों और सामाजिक संगठन के लोगों को शामिल करेगा,ताकि समय समय पर वह पार्कों में होने वाले कामों पर न केवल नजर रख सकें बल्कि अपना फीड बैक प्राधिकरण को दे सकें, ताकि पार्कों को बेहतर रूप दिया जा सके।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अध्यक्षता में उद्यान अनुभाग की बैठक के दौरान उम्मीद जतायी गयी कि इस कदम के बाद समाज के आमवर्ग के प्रतिष्ठित लोगों के द्वारा भी पार्कों की देखरेख में भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी।

### 50 करोड के उद्यान अनुभाग के बजट को खर्च किया जाएगा 'आइकोनिक पार्क' विकसित करने पर



करंट क्राइम। बैठक के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने उद्यान अनुभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राधिकरण के द्वारा विकसित कालोनियों के उन तमाम पार्कों की सूची तैयार की जाए,जिनके पार्क अभी तक नगर निगम के हैंडओवर नहीं किए गए है, जिससे इन पार्कों को उद्यान अनुभाग के प्रस्तावित 50 करोड के बजट से आइकोनिक पार्क के तौर पर विकसित किया जा सकें। ये भी तय किया गया कि विकसित किए जाने वाले पार्कों में ऐसा शुल्क रखा जाए, जिससे प्राप्त होने वाले शुल्क से पार्कों का रखरखाव किया जा सकें। ये भी स्पस्ट किया गया कि शुल्क रखने का उद्देश्य किसी तरह की आय/लाभ हासिल करना नहीं होगा।

# अब अगले वित्तीय वर्ष में ही होगा कर वृद्धि पर विचार

## पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने दिया नगर निगम एक्ट का हवाला









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स में वृद्धि को लेकर नगर निगम में जंग अभी जारी है। विशेष बैठक में प्रस्ताव निरस्त हो चुका है। कर से जुड़े अधिकारी पूरे मामले को शासन को भेजने की बात कह रहे हैं और यहां एक इंतजार कोर्ट के फैसले का भी है। 29 जुलाई को कोर्ट का फैसला आना है। कर बढ़ोत्तरी को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि अब प्रस्ताव आ गया है और करों को बढ़ाने पर विचार नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि यह माहौल बनाया जा रहा है कि करों की दरों को लेकर फिर से विचार होगा। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि नगर निगम अधिनियम में करों की दरों के निर्धारण को लेकर प्रावधान हैं। अगर नगर निगम पर कर्ज है तो वह 15 फरवरी को या उसके पूर्व और अन्य दशाओं में 15 मार्च को या उसके पूर्व कार्यकारिणी समिति के प्रस्तावों पर विचार करने के पश्चात अध्याय 9 में विहित परिसीमाओं तथा शर्तों के अधीन रहते हुए उन दरों का निर्धारण करेगा जिनके हिसाब से धारा 172 की उपधारा 1 में निर्दिष्ट निगम पर आगामी वित्तीय वर्ष में लगाए जाएंगे। हिमांशु मित्तल ने कहा कि अब जो प्रस्ताव निरस्त हो चुका है उस पर इस वित्तीय वर्ष में कोई विचार नहीं होगा। अब अगर कर में वृद्धि का प्रस्ताव भी आएगा तो वह अप्रैल 2026 में ही आएगा।

### किस बात का एक्शन, सब पार्षदों ने दी थी एडवांस इन्फॉर्मेशन

करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने दैनिक करंट क्राइम में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए कहा कि हाईकमान किस बात की लिस्ट मांग रहा है और निगम से किस बात की लिस्ट जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सदन में भाजपा पार्षद दल की नेता भी मेयर है। भाजपा पार्षदों ने धरने पर बैठने से पहले मेयर से मुलाकात की थी और ये बताया था कि अगर मिनट्स नहीं मिले तो वो धरने पर बैठ जाएंगे। उस समय किसी ने पार्षदों को नहीं रोका। पार्षद धरने पर बैठे तो पार्षद दल की नेता नगर निगम मुख्यायल में थीं। उन्होंने धरने पर बैठे पार्षदों को उठने के लिये नहीं कहा। सबसे बड़ी बात ये है कि जब मिनट्स को लेकर पार्षदों ने धरना दिया तो नगर निगम के सदन में भाजपा पार्षदर दल के उपनेता अमित त्यागी भी इस धरने पर थे। जब सदन में भाजपा के पार्षद दल के उपनेता भी धरने पर हैं तो इससे समझा जा सकता है कि यह एक लोकतांत्रिक मांग थी। अगर कार्यवाही होनी है तो शुरूआत पार्षद दल के उपनेता से हो और जवाबदेही पार्षद दल की नेता की भी तय हो।

# महापौर तथा नगर आयुक्त ने गौशाला नंदी पार्क का किया औचक निरीक्षण

## निराश्रित गोवंशों की देखभाल और व्यवस्थाओं का लिया जाएजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नंदी पार्क गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निराश्रित गोवंशों की देखभाल में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा गया, भूसा, हरा चारा तथा स्वच्छ पानी की व्यवस्था मौके पर पाई गई, साफ सफाई का भी विशेष ध्यान टीम के द्वारा रखा जा रहा है



### गोवंश हेतु साफ-सफाई, स्वच्छ पानी तथा हरे चारे की बेहतर व्यवस्था : महापौर



करंट क्राइम। महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण नंदी पार्क गौशाला का किया गया, तथा गोवंशों को गुड और हरा चारा खिलाया गया। मौके पर पहुंचकर महापौर ने विशेष रूप से साफ सफाई की व्यवस्था को दिखा जिसमें पेयजल की व्यवस्था हेतु बनाए गए नाद का भी निरीक्षण किया गया। भूसा तथा हरे चारे की गोदाम भी देखे गए, बढ़ती जा रही निराश्रित गोवंशों की संख्या को देखते हुए महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग की टीम को अतिरिक्त सैड बनाने की निर्देश दिए गए। वर्तमान में 19 सैड बने हुए हैं जिसमें 956 नंदी तथा 929 गाय को अलग-अलग रखा जाता है। निरीक्षण के दौरान खोर की साफ सफाई को भी देखा गया, व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 63 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं जिनके द्वारा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है महापौर द्वारा बताया गया है। महापौर ने कहा, गोवंश हेतु साफ-सफाई, स्वच्छ पानी तथा हरे चारे की बेहतर व्यवस्था है।

### गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निगम बना रहा है योजना : नगर आयुक्त



करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाई जा रही नंदी पार्क गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है जिसके लिए वर्तमान में मशीन के द्वारा उपले बनाने का कार्य किया जा रहा है। वर्मी कंपोस्ट का कार्य किया जा रहा है। गौमय लकड़ी बनाने का कार्य किया जा रहा है तथा गोबर से गमले मूर्तियां इत्यादि बनाने का कार्य भी वर्तमान में नंदी पार्क गौशाला में चल रहा है। गोबर का इस्तेमाल अत्यधिक जनहित में उपयोग में लाया जाए इसके लिए भी प्लानिंग चल रही है। गोबर से पेंट बनाने तथा अन्य उपयोग में लाने के लिए विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है जिससे गौशाला को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा नगर आयुक्त द्वारा बताया गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ आशीष भी उपस्थित रहे।

# सबसे प्राचीन रामलीला में इस बार अनोखी होगी मां जानकी की विदाई

**- सहारनपुर में हो रहा है विशेष विदाई पालकी का निर्माण**





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुल्लामल रामलीला कमेटी केवल गाजियाबाद की नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सबसे पुरानी और परंपराओं का एक इतिहास समेटे हुए रामलीला है। यहां की परंपराएं पूरे यूपी में प्रसिद्ध हैं। कमेटी के पदाधिकारी इन परंपराओं को सहेजकर रखते हैं, इनका सम्मान करते हैं और इस वर्ष सुल्लामल रामलीला कमेटी एक नई पहल करने जा रही है। वो इस वर्ष मां जानकी की विदाई के लिये विशेष पालकी का निर्माण करा रही है। विरह की उस पावन घड़ी का सजीव चित्रण होगा। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी की अनोखी पहल होगी।

जनकपुरी की चौखट से विदा होती जानकी का दृश्य हर रामभक्त की आंखे नम कर देता है। उसी भावपूर्ण पल को और अधिक जीवंत सजीव और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा एक विशेष डोली रूपी पालकी का निर्माण सहारनपुर में कराया जा रहा है। कमेटी के पदाधिकारियों ने सहारनपुर पहुंचकर इस कार्य का अवलोकन किया और सबसे बड़ी बात ये थी कि यहां एक बार फिर श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी की परंपराओं का पालन हुआ। रामलीला कमेटी के उस्ताद अशोक गोयल पहुंचे, अध्यक्ष अजय बंसल पहुंचे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू पहुंचे, मंत्री प्रदीप मित्तल पहुंचे और सवारी मंत्री अजय गुप्ता पहुंचे। सभी ने इस पावन पालकी की तैयारियों का जायजा लिया।

### रामलीला केवल अभिनय नहीं भक्ति का उत्सव है: अजय बंसल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि रामलीला केवल अभिनय नहीं है यह भक्ति का उत्सव है। यह हमारी पावन संस्कृति का संवाहक है और हमारा यह कर्त्तव्य है कि हम अपनी पावन प्राचीन परंपराओं का पालन करेंगे। यह पालकी इसी उत्सव का एक नया रूप है। अजय बंसल ने कहा कि सबसे पहले यह प्रस्ताव रखा गया और सभी पदाधिकारियों की सर्वसम्मति के बाद पालकी को तैयार कराने का फैसला हुआ। उन्होंने बताया कि विगत एक माह से इसका निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि इसका सौंदर्य दिन प्रतिदिन निखरता जा रहा है। जब यह पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगी तो इस वर्ष रामलीला में मां सीताजी की विदाई का दृश्य मानो साक्षात त्रेता युग की अनुभूति कराएगा।

# कांवड़ यात्रा पर स्कूली अवकाश को लेकर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने रखी अपनी राय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए 17 से 23 जुलाई तक की सभी स्कूलों की छुट्टी कर दी है। प्रशासन में विद्वान लोग हैं जरूर कोई ऐसी परिस्थिति रही होगी जिसके कारण सभी विद्यालयों को इतने लंबे समय तक बंद करने का निर्णय लेना पड़ा। पूर्व में केवल दो दिन की छुट्टी से काम चल जाता था और वह भी केवल मेरठ रोड के विद्यालय ही प्रभावित होते थे। लेकिन मैं विनम्रता के साथ अनुरोध करना चाहता हूं कि कभी स्कूलों और बच्चों की पढ़ाई पर भी विचार किया जाना चाहिए। अभी पिछले दिनों गर्मी की भीषणता को देखते हुए स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। हालांकि छुट्टी के घोषणा के अगले दिन ही मौ सम बदल गया था, अब जैसे ही पढ़ाई का माहौल बना सीधे 7 दिन की छुट्टी कर दी गई। अभी तो जुलाई है, अगस्त सितम्बर तक बरसात का मौ सम रहेगा, अभी जिस दिन भारी बरसात की चेतावनी जारी होगी तब स्कूलों की छुट्टी करनी पड़ेगी। सर्दियों में जब कोहरा पड़ेगा और कड़ी सर्दी पड़ेगी तब प्रशासन को छुट्टी करनी पड़ेगी। गर्मियों में लू चलने पर छुटी होगी। अब तो प्रदूषण का स्तर ज्यादा होने पर भी विद्यालयों की छुट्टी होती है। जब सरकार किसी समाज को खुश करना चाहती है तो उस समाज के पूजनीय महापुरुष के जन्म दिवस या बलिदान दिवस पर अवकाश घोषित करके सबसे पहले स्कूलों को बंद करती है। कुल मिलाकर वर्ष में अगर 365 दिनों में स्कूल अगर 220 दिन खुलते हैं तो आदर्श स्थिति मानी जाती है लेकिन अब तो वर्ष में 180 दिन भी स्कूल खुलने की स्थिति नहीं रही है। रही बात ऑनलाइन शिक्षण की ये आत्म प्रवंचना से अधिक कुछ नहीं है। पहले तो सभी बच्चों के पास स्मार्ट फोन नहीं हैं, दूसरे जब टीचर क्लास में खड़े होकर पढ़ाता है तब बहुत सारे बच्चे नहीं पढ़ते, ऑन लाइन तो वे बिल्कुल नहीं पढ़ेंगे। जो बच्चे अपने से पढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं, केवल वे ही ऑन लाइन पढ़ते हैं। वैसे वे तो बिना ऑन लाइन भी पढ़ते ही हैं।

जब योगी जी प्रदेश के मुख्य मंत्री बने थे तो उन्होंने बहुत सारे महापुरुषों के जन्म दिवसों पर अवकाश घोषित करने के स्थान पर उनके जन्म दिवस और बलिदान दिवस पर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की थी। लेकिन शायद कुछ लोगों की नाराजगी के कारण वह निर्णय ठंडे बस्ते में चला गया और कई नए अवकाश घोषित कर दिए गए। ये सारे अवकाश स्कूलों पर अनिवार्य रूप से लागू होते हैं। अब तो प्रशासन ये भी धमकी देता है कि इस निर्णय का कड़ाई से पालन हो नहीं तो कड़ी कार्रवाई होगी।

कांवड़ यात्रा पर कोई टिप्पणी करके किसी की आस्था को आहत नहीं करना चाहता। ये सभी कांवड़ यात्री आस्था और विश्वास से अनुप्राणित नहीं हैं। इनमें कुछ सामाजिक तत्व भी घुस जाते हैं और धार्मिकता की आड़ में कानून व्यवस्था को चुनौ ती बन जाते हैं। ये कैसी शिव भक्ति है जिसमें कुछ भक्त ऐसे उन्मादी हो जाते हैं कि वे कानून व्यवस्था के लिए चुनौ ती बन जाते हैं। जिस शिव शंकर ने समुद्र मंथन से निकले विष से संसार को बचाने के लिए स्वयं विष पान कर लिया और नीलकंठ कहलाए। उन शिव के भक्त उत्पात मचा रहे हैं और तांडव कर रहे हैं। प्रशासन इतना असहाय नहीं है कि ऐसे उत्पतियों से निपट न सके लेकिन सरकार द्वारा इसे बढ़ावा देने के कारण वे स्थितियों से बचने के लिए छुट्टियों का सहारा लेते हैं।

सारे कट बंद कर देते हैं, कांवड़ियों की कम संख्या होने पर भी वन वे लागू कर देते हैं। कोई ऐसा रास्ता निकालने के बजाय जिसमें आम लोगों को भी कठिनाई न हो और कांवड़ यात्रा भी सम्पन्न हो जाय भयभीत प्रशासन असहज स्थिति से बचने के लिए सारे रास्ते और स्कूल बंद कर देता है। 10,12 दिन तक पूरे पश्चिमी प्रदेश की सारी व्यवसायिक शैक्षणिक, प्रशासनिक गतिविधियों को ठप करने के विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

**जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए 17 से 23 जुलाई तक की सभी स्कूलों की छुट्टी कर दी है। प्रशासन में विद्वान लोग हैं जरूर कोई ऐसी परिस्थिति रही होगी जिसके कारण सभी विद्यालयों को इतने लंबे समय तक बंद करने का निर्णय लेना पड़ा।**

**मैं विनम्रता के साथ अनुरोध करना चाहता हूं कि कभी स्कूलों और बच्चों की पढ़ाई पर भी विचार किया जाना चाहिए।**

**जिस दिन भारी बरसात की चेतावनी जारी होगी तब स्कूलों की छुट्टी करनी पड़ेगी। सर्दियों में जब कोहरा पड़ेगा और कड़ी सर्दी पड़ेगी तब प्रशासन को छुट्टी करनी पड़ेगी। गर्मियों में लू चलने पर छुटी होगी। अब तो प्रदूषण का स्तर ज्यादा होने पर भी विद्यालयों की छुट्टी होती है।**

**कांवड़ यात्रा पर कोई टिप्पणी करके किसी की आस्था को आहत नहीं करना चाहता। ये सभी कांवड़ यात्री आस्था और विश्वास से अनुप्राणित नहीं हैं। इनमें कुछ सामाजिक तत्व भी घुस जाते हैं।**



## संपादकीय

# 22 हजार करोड़ की साइबर फ्राड!

सख्ती और जागरूकता के दावों के बावजूद साइबर धोखाधड़ी रुक नहीं रही, तो आखिर इसकी वजह क्या है? हर वर्ष लाखों शिकायतें दर्ज होती हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर मामलों में गंभीरता दिखाई नहीं देती। देश के भीतर और अन्य देशों में बैठे शातिर अपराधी बड़ी चतुराई से नागरिकों को अपने जाल में फंसा लेते हैं। साइबर अपराध के इतने स्वरूप हैं कि लोग उन्हें समझ नहीं पाते और जीवन भर की गाढ़ी कमाई गंवा बैठते हैं। आज साइबर अपराधी हर वर्ष करोड़ों रुपए की चपत लगा रहे हैं और जांच एजंसियां उन तक पहुंच नहीं पा रहीं। नतीजा यह कि अपराधी किसी न किसी रूप से लालच देकर या डरा-धमका कर नागरिकों को अपना शिकार बनाते रहते हैं। इसी का परिणाम है कि पिछले वर्ष 22 हजार 845 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी हुई है। जबकि वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 7,465 करोड़ रुपए था। लोकसभा में गृह राज्यमंत्री की ओर से दी गई इस जानकारी ने चिंता बढ़ा दी हैं। इससे पता चलता है कि पुलिस तंत्र साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। आखिर क्या कारण है कि आज के तकनीकी दौर में भी सुरक्षा एजंसियां साइबर धोखेबाजों तक नहीं पहुंच पा रही हैं? हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से साइबर अपराध से तत्काल और सख्ती से निपटने के दावे किए जाते हैं, बावजूद इसके दर्ज होने वाले मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी के पिछले वर्ष छत्तीस लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए।

अपराधियों के संजाल को खत्म करने की कोशिशों के बीच ये आंकड़े साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि अगर अपराधी बेखौफ साइबर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं, तो क्या यह पुलिस जांच व्यवस्था की खामी नहीं है? जरूरी है कि आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर व्यवस्था में सुधार किया जाए और अपराधियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए। साथ ही आम नागरिकों को भी व्यापक स्तर पर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि वे साइबर अपराध की जद में आने से बच सकें।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा की 8-औंस दूध के गिलास जितनी कैल्शियम की मात्रा प्राप्त करने के लिए आपको एक चौथाई ब्रोकोली, सात संतरे या गेहूं की रोटी के छह स्लाइस खाने पड़ते हैं।
- प्राचीन यूनानियों ने दूध को दवा के रूप में इस्तेमाल किया और उनके ओलंपिक एथलीटों ने दूध के साथ खुद को ताकत दि थी!
- चींटियाँ कभी भी नहीं सोती हैं।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पैर पहले रखा था। उस समय उनका दिल 1 मिनट में 156 बार धड़क रहा था।
- हाथी ही एक ऐसा जानवर है जो कूद नहीं सकता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पर्वतों का 15,000 मीटर से अधिक ऊँचा होना संभव नहीं है।
- पढ़ना और सपने देखना हमारे दिमाग के अलग – अलग भागों की क्रिया है, इसलिए हम सपने में पढ़ नहीं सकते हैं।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं तथा स्थिति सुधरेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभदायक रहेगा।
**वृष:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई कारोबारी बड़ा सौदा हो सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।
**मिथुन:** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता हासिल करेगा। अध्ययन आदि में एकाग्रता रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।
**कर्क:** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते काम बिगड़ सकते हैं।
**सिंह:** प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा।
**कन्या:** दूर से उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।
**तुला:** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।
**वृश्चिक:** फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।
**धनु:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।
**मकर:** कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं। योजना फलीभूत होगी। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
**कुंभ:** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी संत-महात्मा का आशीर्वाद मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में चैन रहेगा। विवाद से बचें।
**मीन:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# शेयर बाजार गिरावट के साथ हुआ बंद
## सेंसेक्स 542 अंक टूटा, निफ्टी 25100 से नीचे आया



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 542.47 अंक गिरकर 82,184.17 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 157.80 अंक गिरकर 25,062.10 अंक पर आ गया। सकारात्मक शुरूआत के बावजूद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अपनी गति को आगे नहीं बढ़ा सका और बाद में कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 542.47 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 82,184.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 679.42 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 82,047.22 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.80 अंक या 0.63 प्रतिशत गिरकर 25,062.10 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 86.41 (अस्थायी) पर स्थिर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एनटीपीसी सबसे ज्यादा पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। हालांकि, इटर्नल, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, टाटा स्टील और टाइटन के शेयरों में लाभ रहा। इंफोसिस के शेयरों में जून तिमाही के नतीजो के बाद एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

### यूरोपीय बाजार में हुई बढ़त

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार हरे निशान में बंद हुए। बुधवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 69.36 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.24 प्रतिशत बढ़कर 69.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,209.11 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले कारोबार में 4,358.52 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 539.83 अंक या 0.66 प्रतिशत बढ़कर 82,726.64 पर बंद हुआ। निफ्टी 159 अंक या 0.63 प्रतिशत बढ़कर 25,219.90 पर बंद हुआ।

### भारत-ब्रिटेन का व्यापार समझौता

भारत और ब्रिटेन ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए, जिससे ब्रिटिश व्हिस्की, कारों और कई वस्तुओं पर टैरिफ में कटौती होगी, साथ ही द्विपक्षीय व्यापार में सालाना लगभग 34 अरब डॉलर की वृद्धि होगी।

# गेहूं की आपूर्ति और कीमतें स्थिर
## ओएमएसएस के तहत बिक्री की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने गुरुवार को कहा कि गेहूं की खुले बाजार में बिक्री की कोई जरूरत नहीं, क्योंकि आपूर्ति पर्याप्त है और कीमतें स्थिर हैं। उन्होंने कहा कि हमने काफी अच्छी मात्रा में खरीद की है। इसलिए बाजार में पर्याप्त आपूर्ति है।

गेहूं की उपलब्धता और कीमतों को लेकर केंद्र सरकार ने राहतभरी जानकारी दी है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने गुरुवार को कहा कि खुले बाजार हस्तेक्षप योजना के तहत सरकारी भंडार से गेहूं बेचने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि आपूर्ति पर्याप्त है और कीमतें स्थिर हैं। चोपड़ा ने भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) की वैश्विक गोलमेज बैठक के अवसर पर कहा कि



पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। हमने काफी अच्छी मात्रा में खरीद की है। इसलिए बाजार में पर्याप्त आपूर्ति है। कीमतें पहले से ही स्थिर हैं। इसलिए गेहूं ओएमएसएस की कोई जरूरत नहीं है।

### ओएमएसएस के जरिए गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को किया जाता है नियंत्रण

सरकार, खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के जरिए गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को नियंत्रित करती है। इस योजना के तहत भारतीय खाद्य निगम द्वारा केंद्रीय भंडार में मौजूद अतिरिक्त गेहूं को निर्धारित आरक्षित मूल्य पर सीधे बाजार में बेचा जाता है।

### वित्त वर्ष 2025 में लगभग 3 मिलियन टन गेहूं बिका

भारत ने मार्च में समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ओएमएसएस के तहत लगभग 3 मिलियन टन गेहूं बेचा। वहीं 2023-24 में यह लगभग 10.1 मिलियन टन था। देश का गेहूं उत्पादन 2024-25 फसल वर्ष में रिकॉर्ड 117.5 मिलियन टन होने का अनुमान है।

# भारत के मादक पेय पदार्थों को ब्रिटेन की दुकानों में मिलेगी जगह, गोवा की फेनी-केरल की ताड़ी भी शामिल

**नई दिल्ली।** भारत-यूके एफटीए के तहत देश के देश के परंपरागत पेय पदार्थों को ब्रिटिश दुकानों में जगह मिलेगी। इसमें गोवा की फेनी, नासिक की कलात्मक वाइन और केरल की ताड़ी सहित भारत के अनूठे पारंपरिक शिल्प पेय को ब्रिटेन में मान्यता मिलने वाली है। भारत और ब्रिटेन के बीच



गुरुवार को हुए मुक्त व्यापार समझौते से देश के परंपरागत पेय पदार्थों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने का रास्ता खुल गया है। इस समझौते के तहत गोवा की फेनी, नासिक की परंपरागत वाइन और केरल की ताड़ी जैसे अनूठे पारंपरिक पेय को ब्रिटेन में मान्यता मिलने वाली है।

### जीआई संरक्षण के साथ विकसीत बाजारों में मिलेगी पहुंच

इसके साथ ही, भारतीय एथनिक एल्कोहलिक पेय को न केवल अपने पारंपरिक भौगोलिक संकेत (जीआई) संरक्षण का लाभ मिलेगा। साथ ही ब्रिटने जैसे विकसीत बाजारों तक भी पहुंच प्राप्त होगी, जहां प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है।

### हॉस्पिटैलिटी जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी मिलेगा अवसर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि ये पेय अपने अनोखे स्वाद, विशिष्ट फ्लेवर प्रोफाइल और सांस्कृतिक विरासत के साथ ब्रिटिश टम्बलर्स में खास जगह बनाएंगे। उन्होंने कहा कि एफटीए से न केवल स्कॉच व्हिस्की और अन्य के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय शिल्प पेय को ब्रिटेन में जगह दिलाने में मदद मिलेगी, बल्कि हॉस्पिटैलिटी जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी ये नए अवसर तलाश सकेंगे।

### 2030 तक एक अरब डॉलर का लक्ष्य

यह सरकार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो वैश्विक बाजारों में भारतीय मादक पेय पदार्थों के निर्यात को बढ़ावा दे रही है। हालांकि, यह एक नया क्षेत्र है। सरकार को उम्मीद है कि देश का मादक पेय पदार्थों का निर्यात वर्तमान 370.5 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक एक अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## चुटकुले

टीचर- इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
गोलू- बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
गोलू- इंसान समझा ही कहां आपने...रोज तो मुर्गा बना देती हो..!!

लड़की - तू जहां जहां चलेगा मेरा साया साथ होगा
लड़का - मुझे तो पहले ही लगता था कि तू प्रेतात्मा है।

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं।

करंट क्राइम कार्यालय
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# 17 साल की उन्नति से हारीं पीवी सिंधू

## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, प्रणय भी हारे




**नई दिल्ली।** उन्नति हुड्डा ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 वर्षीय हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है।

रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी। सिंधू सात साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी।

इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। चिराग ने मैच के बाद कहा, 'यह काफी उतार चढ़ाव वाला मैच था और कोई भी टीम किसी भी समय बड़ी बढ़त हासिल नहीं कर पाई। पहले गेम के आखिर में हम लगातार तीन-चार अंक बनाने में सफल रहे। दूसरे गेम के शुरू में हम थोड़ा अधिक धैर्य के साथ खेल सकते थे लेकिन उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे खुशी है कि हम आखिर में मैच जीतने में सफल रहे।'

# बोनमाटी के गोल से स्पेन पहली बार यूरो फाइनल में, खिताबी मैच में इंग्लैंड से सामना



**नई दिल्ली।** टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में बिताने वाली ऐताना बोनमाटी के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया जहां रविवार को उसका सामना इंग्लैंड से होगा।

दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। यूरो 2025 का फाइनल 2023 में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। तब स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

स्पेन की जर्मनी के खिलाफ यह पहली जीत थी। वह पहली बार यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। स्पेन ने पिछले दो साल में विश्व कप और नेशंस कप जीते हैं और अब उसकी निगाह खिताब की हैट्रिक पूरी करने पर होगी।

यूरो 2025 के लिए बोनमाटी की तैयारियां उस समय गंभीर रूप से प्रभावित हो गई थी जब टूर्नामेंट से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बार्सिलोना की मिडफील्डर को वायरल मैनिंजाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।

बोनमाटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस खेल में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना चाहती थी और मैं उन सभी लोगों की आभारी हूं जिन्होंने मुझे इस स्तर तक पहुंचने में मदद की क्योंकि अकेले ऐसा करना संभव नहीं था।'

# फ्रिट्ज ने डीसी ओपन के तीसरे दौर में बनाई जगह, वीनस विलियम्स युगल में बाहर




**वाशिंगटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने सीधे सेट में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एक साल से भी अधिक समय बाद वापसी करने वाली वीनस विलियम्स को महिला युगल में हार का सामना करना पड़ा। विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले फ्रिट्ज ने अलेक्जेंडर वुकिक पर 6-3, 6-2 से जीत हासिल की।

पहले दौर में बाई मिलने के बाद फ्रिट्ज अब तीसरे दौर में माटेओ अर्नाल्डी का सामना करेंगे, जिन्होंने 16वें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो को 7-5, 7-5 से हराया।

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को मारिया सकारी ने 7-5, 7-6 (1) से हरा दिया। इस बीच वीनस विलियम्स और उनकी जोड़ीदार हैली बैप्टिस्ट का युगल में अभियान दूसरे दौर में चैंपियन टाईब्रेकर में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और झांग शुआई की जोड़ी से 6-4, 3-6, 10-6 से हार के साथ समाप्त हो गया।

# 'इंग्लैंड में ऐतिहासिक जीत से भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा'

## महिला टीम को लेकर बोले सचिन





**मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारत की दो सीरीज में जीत से इस साल होने वाले वनडे विश्व कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले महिला टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने टी20 सीरीज 3-2 से जीत कर नया इतिहास रचा। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय महिला टीम ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से सीरीज जीती। भारत ने इसके बाद वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 30 सितंबर से श्रीलंका के साथ एकदिवसीय विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा। इसके बाद इंग्लैंड में 2026 में टी-20 विश्व कप का आयोजन होगा। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा, 'इंग्लैंड में जीतना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और टी-20 तथा वनडे दोनों में ऐसा करना टीम की तैयारी और मानसिकता के बारे में बहुत कुछ बयां करता है।'

उन्होंने कहा, 'इस शानदार प्रदर्शन से टीम का आगे होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। दो विश्व कप सामने होने के कारण यह टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी था। शाबाश टीम इंडिया।' भारत अब 14 सितंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा और इसके बाद अपनी धरती पर होने वाले विश्व कप में भाग लेगा।

तेंदुलकर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सभी खिलाड़ियों ने धैर्य से कम लिया और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में अपना पहला टी-20 शतक बनाया, जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने तीसरे वनडे में शतक लगाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा 21 वर्षीय क्रांति गौड़ ने तीसरे वनडे में छह विकेट लिए। यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर पांचवीं गेंदबाज बन गई।

तेंदुलकर ने कहा, 'पहले टी20 मैच में स्मृति के शतक ने दौरे की शुरूआत में ही लय बना दी थी। आखिरी वनडे में हरमनप्रीत के शतक ने उस लय को और मजबूती प्रदान की। क्रांति (गौड़) ने दबाव की परिस्थितियों में शानदार गेंदबाजी की और छह विकेट चटकाए। अन्य खिलाड़ियों ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई।'

# एशिया कप में होगी भारत और पाकिस्तान की टक्कर, बीसीसीआई ने तटस्थ स्थल पर आयोजन के लिए जताई सहमति



**नई दिल्ली।** इस साल एशिया कप का आयोजन होना है। हालांकि, अब तक इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। इस बीच खबर आ रही है कि भारत और पाकिस्तान को एक ग्रुप में ही रखा जा सकता है। इसके अलावा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तटस्थ स्थल पर टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए सहमति जताई है।

समाचार एजेंसी पीटीआई ने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से जुड़े सूत्र के हवाले से कहा, 'बीसीसीआई सितंबर में यूएई में एशिया कप की मेजबानी कर सकता है। टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच होने की संभावना है।' वहीं, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि कुछ ही दिनों में एशिया कप के संबंध में घोषणा की जाएगी। यह एसीसी की बैठक के बाद हुआ जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए भाग लिया था। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व उसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया।

# 'मून बूट' पहनकर बल्लेबाजी के लिए आए पंत, दर्द से जूझते हुए बनाया पचासा; फैंस बोले- जज्बे को सलाम




**मुंबई।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए जब गुरुवार को मैदान पर बल्लेबाजी के लिए पहुंचे तो उन्होंने साबित कर दिया कि देश से बढ़कर उनके लिए कुछ नहीं है। वह 'मून बूट' पहनकर मैदान पर पहुंचे और बल्लेबाजी करते नजर आए। भारत के लिए पहली पारी में पंत ने 54 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

### चोटिल पंत ने मचाया धमाल

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के शुरूआती दिन पंत चोटिल हो गए थे। उस वक्त वह 37 के स्कोर पर थे और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर जाना पड़ा। हालांकि, दूसरे दिन पंत की एक बार फिर मैदान पर वापसी हुई और उन्होंने 71 गेंदो में अपने टेस्ट करियर का 18वां पचासा पूरा किया। दर्द से कराहने के बावजूद पंत 75 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 54 रनों की शानदार पारी खेलने में कामयाब हुए।

पंत का बल्लेबाजी के लिए आना भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। भारतीय समयानुसार 4 बजकर 14 मिनट पर बीसीसीआई ने उनकी चोट पर अपडेट दिया था कि वह जरूरत के अनुसार इस मुकाबले में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। इससे पहले बीसीसीआई के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'स्कैन रिपोर्ट में फ्रैक्चर दिखाया गया है और वह छह हफ्तों के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट का एलान करेगा और ईशान किशन रिप्लेसमेंट हो सकते हैं।'

### जुरेल करेंगे विकेटकीपिंग

पंत भले ही बल्लेबाजी के लिए आ गए,लेकिन वह विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। दरअसल, लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के दौरान विकेटकीपिंग करते हुए उनकी अंगुली में चोट लग गई थी जिसके कारण वह इंग्लैंड की दूसरी पारी में विकेटकीपिंग नहीं कर पाए थे। ध्रुव जुरेल ने तब रिप्लेसमेंट के तौर पर विकेटकीपिंग की थी। इसे मैच में भी वह पंत की जगह विकेटकीपिंग करते नजर आएंगे।

# उद्घाटन मैच में ईस्ट बंगाल ने 5-0 से साउथ यूनाइडेट को हराया

## रंगारंग कार्यक्रम ने सबका मन मोहा



**ढाका।** फुटबॉल के मक्का के नाम से मशहूर कोलकाता में बुधवार को 134वां डूरंड कॉप का आगाज हुआ। उद्घाटन मैच (ग्रुप ए) ईस्ट बंगाल एफसी और साउथ यूनाइडेट एफसी के बीच खेला गया। ईस्ट बंगाल एफसी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए उद्घटन मैच में साउथ यूनाइटेड एफसी को 5-0 से शिकस्त दी। इससे पहले सिटी ऑफ जॉय कोलकाता ने आज एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूनार्मेंट 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप की रंगारंग शुरूआत का गवाह बना। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में आयोजित इस आयोजन का उद्घाटन पश्चिम बंगाल की माननीय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रतीकात्मक किक मारकर किया।

इस मौके पर पश्चिम बंगाल के मंत्री अरूप विश्वास, मंत्री सुजीत बोस और मंत्री मनोज तिवारी उपस्थित रहे। भारतीय सेना की तरफ से भारतीय सेना केपूर्व कमान प्रमुख ले. जनरल राम चंद्र तिवारी, ईस्टर्न कमांड व डूरंड कप आयोजन समिति के संरक्षक ले. जनरल मोहित मल्होत्रा एवं अध्यक्ष, डूरंड कप आयोजन समिति, मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे, उपाध्यक्ष, डूरंड कप आयोजन समिति, मेजर जनरल विजयकुमार आर. जगताप, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 59 इन्फैंट्री डिवीजन और नेपाल सेना की तरफ से मेजर जनरल ध्रुब प्रकाश शाह उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह की शुरूआत बंगाल की प्रसिद्ध बाउल गायकी से हुई, जो भक्ति, दर्शन और लोक परंपरा का संगम है। मराठा लाइट इन्फैंट्री की झांग पताका नृत्य, राजपुताना राइफल्स द्वारा क्राव मागा, असम रेजीमेंटल सेंटर द्वारा बैलेंस और सहनशक्ति का प्रदर्शन, आर्ट मराठा लाइट इन्फैंट्री द्वारा मार्शल, सिख रेजीमेंट द्वारा भांगड़ा, 5 गोरखा राइफल्स द्वारा खुकरी नृत्य, सिख रेजीमेंट और सिख लाइट इन्फैंट्री द्वारा गतका और एनसीसी कैडेट्स के साथ सभी कलाकारों की एक भव्य फ्यूजन प्रस्तुति ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत कर दिया।

समारोह की सबसे रोमांचक झलक रही आर्मी एविएशन के तीन हेलीकॉप्टर्स का फ्लाई-पास्ट। एक ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ने तिरंगा फहराया, दो चीता हेलीकॉप्टर्स ने ईस्टर्न कमांड और डूरंड कप के झंडे लहराए। हाफ टाइम में आर्मी पाइप बैंड की धुनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# दिव्या देशमुख फिडे महिला विश्वकप के फाइनल में

## कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई किया



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर 19 साल की दिव्या देशमुख नेफिडे महिला विश्व शतरंज कप के सेमीफाइनल के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की झोंगयी टैन को हरा दिया और मिनी मैच 1.5-0.5 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रक्रिया में दिव्या कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं। महिला कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट अगले साल होना है और उस टूर्नामेंट से मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। दिलचस्प बात यह है कि दिव्या पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं।

चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोनर झू और तत्कालीन हमवतन ग्रैंडमास्टर डी हरिका को क्वार्टर फाइनल में हराने के बाद दिव्या ने इस प्रतियोगिता में अपना दबदबा बरकरार रखा और टैन के खिलाफ 101 चाल में जीत उनके बढ़ते शतरंज कौशल का प्रमाण था। दूसरे सेमीफाइनल में कोनेरू हम्पी ने 75 चाल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के साथ ड्रॉ खेला। हम्पी अब छोटे प्रारूप में लेई के खिलाफ टाई-ब्रेकर खेलेंगी।

### विश्व युवा चैंपियन रही हैं दिव्या

नौ दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए। उनकी निरंतर प्रगति ने उन्हें 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर बना दिया और इसके साथ ही वह विदर्भ की पहली और देश की 22वीं महिला खिलाड़ी बनीं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।

### 2023 में दिव्या ने हासिल किया इंटरनेशनल मास्टर का खिताब

दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया। 2024 में उन्होंने विश्व जूनियर गर्ल्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भी परचम लहराया, जहां उन्होंने 11 में से 10 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं। दिव्या शतरंज की दुनिया में अब जाना-पहचाना नाम है।

### नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को दे चुकीं हैं मात

दिव्या देशमुख इस साल फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को मात दे चुकी हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी तारीफ की थी। दिव्या ने 10 से 16 जून को लंदन में आयोजित फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में चीन की यिफान को हराया था। दिव्या के करियर की यह सबसे बड़ी जीत में से एक है।




ओलंपियाड में तीन स्वर्ण, कई एशियाई और विश्व युवा खिताब। चेन्नई में शतरंज गुरुकुल में जीएम आरबी रमेश के तहत प्रशिक्षित दिव्या को उनकी तेज सामरिक दृष्टि, अडिग धैर्य और रचनात्मक प्रतिभा के लिए सराहा जाता है।

# डॉ.अतुल जैन ने राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल से लखनऊ में की मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग के कमिश्नर डॉ.नितिन बंसल आईएएस से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उनके साथ बैठक की।

मुलाकात के दौरान राज्य कर से संबंधित व्यापारियों और उद्यमियों को आ रही समस्याओं के बारे में आयुक्त को अवगत कराया गया और कर संग्रह बढ़ाने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि उद्यमी और व्यापारी को जीएसटी लागू होने से कार्यों में डिजिटल प्रयोग से काफी सरलता मिली है परंतु कुछ मामलों में छोटी-मोटी गलती की वजह से व्यापारियों को असुविधा का भी सामना करना पड़ता है जिसमें सरलीकरण की भी आवश्यकता है, और उद्यमियों और व्यापारियों की ओर अधिकारियों का एक सकारात्मक और सहयोगात्मक रुख रखने के लिए भी निवेदन किया।

डॉ.नितिन बंसल ने आश्वासन दिया और उद्यमियों,व्यापारियों के प्रति सकारात्मक सोच रखते हुए कहा कि किसी को भी परेशान नहीं किया जाएगा। डॉ.अतुल कुमार जैन ने डॉ.नितिन बंसल आयुक्त राज्य कर को समय देने के लिए और बातों को ध्यान से सुनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत
## बिजली बोर्ड में तार लगाते समय हुए हादसा



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को बिजली के बोर्ड में तार लगाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। जिससे युवक की मौत हो गई।

दरअसल, घटना गुरुवार की है जब 20 वर्षीय तुषार घर में बिजली बोर्ड में तार लगा रहे थे। इसी दौरान उन्हें जोरदार करंट लगा। वह बेहोश होकर घर के अंदर गिर पड़े। उनकी मां राजनीता ने शोर मचाया जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों ने तुरंत तुषार को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तुषार के पिता सतेंद्र कुमार एक किसान हैं।

उनकी गांव में खेती की जमीन है। तुषार उनके इकलौते पुत्र थे। खेतीबाड़ी में उनका हाथ बंटाते थे। हादसे की सूचना पर बाबूगढ़ पुलिस अस्पताल पहुंची।

परिजनों ने कानूनी कार्रवाई न करने की इच्छा जताई। इसके बाद पुलिस मौके से लौट गई। गुरुवार शाम को गांव वालों और परिजनों ने तुषार का अंतिम संस्कार किया।

## भाजपा सरकार में भारत के विकास को मिली मजबूती : पवन सहलोत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला पंचायत सदस्य भाजपा पवन सहलोत ने कहा कि भाजपा सरकार में भारत के विकास को मजबूती मिली है। भाजपा सरकार में जो गांव 7 दशक बाद भी अंधेरे में दुबे हुए थे भाजपा सरकार में 18000 गांव में बिजली पहुंचने का महत्वाकांक्षी मिशन तय किया गया है। गांव का विद्युतीकरण तेजी से हो रहा है। देश में अर्थव्यवस्था की रफ्तार भी तेज हुई है। भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बड़ी हुई अर्थव्यवस्था बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह एक ऐतिहासिक समय है। खुशहाल भारत के लिए किसानों को मजबूत किया गया है। कृषि को तेजी से बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। किसान हमेशा से हमारे देश का आधार रहे हैं। देश के इस आधार को मजबूत बनाने की सरकार ने भरपूर कोशिश की है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित कर उपज को बढ़ाना इस योजना का विजन यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक खेत को किसी न किसी तरह से सुरक्षात्मक सिंचाई के साधन उपलब्ध हो किसने की सिंचाई के आधुनिक तरीकों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है ताकि पानी की प्रत्येक बूंद के बदले अधिक पैदावार मिले।

## भाजपा की नीति देश बांटने की : यश यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता यश यादव ने कहा कि भाजपा की नीति देश को बांटने की है। भाजपा देश में जो सुरक्षा का कवच था वह कवच तोड़ने का काम कर रही है। लोगों में नफरत घृणा के बीज बोए जा रहे हैं। सारे देश की जनता जानती है कि भारत के संविधान ने हमें एकता दी हमें आपसी प्रेम दिया लेकिन भारतीय जनता पार्टी अपने राजनीतिक फायदे के लिए देश में विभाजन की नीतियां ला रही है। भाजपा की सरकार में जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कोई बोलता है तो वह देशद्रोही बन जाता है और उसको जेल में डाल देते हैं। पीएम मोदी लीडर नहीं डीलर का काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने ट्रंप के दबाव में आकर शीश फायर की घोषणा की। यह भारत का अपमान और करोड़ों भारतीयों का अपमान है। पहलगाम हमले के बाद जब हमारी भारतीय सेवा पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जा कर सकती थी तो ऐसे में पीएम मोदी ने ट्रंप के दबाव में आकर सीजफायर की घोषणा क्यों की। भाजपा को विपक्ष के सभी नेता भ्रष्ट लगते हैं लेकिन वही नेता अपने दल को छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो वह भाजपा की नजरों में स्वच्छ हो जाते हैं। भाजपा हर बार ईवीएम में गड़बड़ी से चुनाव जीतती आई है। अगर इस बार वैलिड पेपर से चुनाव हुआ तो भाजपा की सत्ता से विदाई हो जाएगी।

## भाजपा ने दिए 11 साल में जनता को जुमले ही जुमले : हाजी आसिफ चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हाजी आसिफ चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की जनता को 11 सालों में सिर्फ जुमले ही दिए। भाजपा के सभी वायदे झूठे निकले। भाजपा के पास देश में कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा ने देश की जनता से जो वायदे किए उन्हें पिछले 11 सालों के बीत जाने के बावजूद भी पूरा नहीं कर पाई। जनता से किए वायदे चाहे काला धन वापस लाने की बात हो, हर खाते में 15 लाख देने की बात हो,देश में महंगाई कम करने की बात हो,रुपया डॉलर के बराबर करने की बात हो या गंगा मां की सफाई करने की बात हो सब जुमले ही निकले। भाजपा सरकार एक भी वायदे को पूरा नहीं कर पाई जिनका आजादी की लड़ाई और संविधान में योगदान शून्य रहा है। आज वह संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। भाजपा ने जो बातें कहीं वे जुमले ही साबित हुए हैं। आज हमारा देश पिछले 11 सालों से अघोषित आपातकाल को झेल रहा है। संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ई डी,इनकम टैक्स जैसी संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक हथियार बनाया जा रहा है। सत्ता की ताकत के बल पर विपक्ष और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। भाजपा सरकार पूरी तरह से जुमलेबाज सरकार है और यह अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है।

## भाजपा सरकार में पिछड़े,गरीब वंचित मजदूर,किसान और युवाओं का हुआ है शोषण : सिकंदर यादव



गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजसेवी व समाजवादी पार्टी के नेता सिकंदर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कमजोर वर्ग का सिर्फ शोषण ही हुआ है और अगर आगे भी भाजपा सत्ता में रही तो और ज्यादा शोषण करेगी। भाजपा बड़े-बड़े वायदे गरीबी दूर करना, महिला सशक्तिकरण, अनुशासन और रोजगार देने की बातें करती है लेकिन यह सब जुमले ही हैं। हकीकत में कहानी इसके विपरीत ही है। भाजपा कहती है पीएम मोदी राम को लाए हैं। पीएम मोदी अगर राम को लाए हैं तो इतने पावरफुल इंसान विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे भगोड़ों को क्यों नहीं ला सकते हैं। पीएम मोदी ने देश की जनता का पैसा अपने चंद मित्रों को फायदे के लिए दे दिया है जिसे अब मांगने में भी शरमाते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की गरीब जनता और भी गरीब होती चली जा रही है और चंद धनवान लोग और ज्यादा धनवान होते जा रहे हैं। ऐसा सिर्फ मोदी सरकार में ही संभव है।

## देहातीवुड की फिल्म 'धाकड़ छोरा' के अभिनेता उत्तर कुमार पर यौन उत्पीड़न का आरोप, एफआईआर दर्ज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देहातीवुड के चर्चित अभिनेता उत्तर कुमार दुष्कर्म का आरोप लगा है। गौतमबुद्ध नगर की रहने वाली एक अभिनेत्री ने उनके ऊपर यह संगीन आरोप लगाया है। अभिनेत्री ने शालीमार गार्डन पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है। रिपोर्ट में अभिनेत्री ने कहा कि उत्तर कुमार ने बड़ी फिल्मों में काम दिलाने का झांसा देकर उनके साथ यौन शोषण किया।

लोनी इलाके के बेहटा हाजीपुर गांव में रहने वाले उत्तर कुमार को धाकड़ छोरा के तौर पर पहचान मिली हुई है। हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी और गौतमबुद्ध नगर की रहने वाली एक अभिनेत्री ने 28 जून 2025 को उत्तम कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। चार दिन बाद ही 2 जुलाई को अभिनेत्री ने एक वीडियो जारी किया और कहा कि उनकी जान को खतरा है। पुलिस ने फिलहाल केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। मामले में दुष्कर्ष की धाराओं के साथ-साथ एससी/एसटी एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

दुष्कर्म का ये मामला साल 2020 से 2023 के बीच का बताया जा रहा है। अभिनेत्री ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि अगस्त 2020 में उसकी मुलाकात एक फिल्म के सेट पर ही हुई थी। इस फिल्म में उसने उत्तम कुमार के साथ एक गाने में काम किया था। अपनी शिकायत में पीड़िता ने कहा कि बाद में उत्तम कुमार ने उन्हें फिल्मों में काम करने का लालच दिया और अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उत्तर कुमार ने उसे एक बड़ी फिल्म में लीड रोल देने का वादा किया था, लेकिन बाद में एक साइड रोल दे दिया। विरोध करने पर उत्तर कुमार ने उसका करियर बर्बाद करने की धमकी दी। अपनी शिकायत में उसने कहा है कि कभी शालीमार गार्डन वाले अपने ऑफिस पर, तो कभी अमरोहा के फार्म हाउस पर ले जाकर, उत्तर कुमार ने उसके साथ दुष्कर्ष किया। आरोप यह भी है कि उत्तर कुमार ने उसे शराब पीने के लिए मजबूर किया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# निवेश के नाम पर ठगे 2.89 करोड़
## 21 में ट्रांसफर कराई रकम, 15 से 30 प्रतिशत मुनाफा देने का दिया झांसा



**नोएडा (करंट क्राइम)।** शेयर बाजार में अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर सेक्टर 36 निवासी के साथ 2.89 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की गई। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस उन खातों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है जिसमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई है। सेक्टर 36 निवासी रामकृष्ण शिवपुरी राजस्थान में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर है। वह शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को कीर्ति श्राफ नामक महिला ने उनसे संपर्क किया। उसने खुद को एबोट वेल्थ मैनेजमेंट नामक कंपनी की कर्मचारी और फंड मैनेजर बताया। वह महिला की बातों में आ गए। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई।

30 प्रतिशत तक मुनाफे की कही बात महिला ने दावा किया कि उनकी कंपनी के शेयरों में निवेश करने पर एक ही दिन में 15 से 30 प्रतिशत तक का मुनाफा हो सकता है। पीड़ित को विश्वास दिलाने के लिए उसे एक ऐप पर प्रशिक्षण दिया और रजिस्ट्रेशन कराया। 4 अप्रैल से महिला ने छोटे-छोटे निवेश कराना शुरू किया, जिसमें ऐप पर लगातार मुनाफा दिखाया जाता रहा। 21 बार में लगा दिए 2.89 करोड़ मुनाफा दिखने पर महिला पर विश्वास कर पीड़ित ने 6 जून तक 21 से अधिक बार में कुल 2.89 करोड़ रुपए जमा कर दिए। जब उन्होंने रकम वापस निकालने की कोशिश की तो असफल रहे और तब उन्हें ठगी का पता चला। पीड़ित ने पहले एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और अब साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंजीनियर महिला ने किया सुसाइड, भाई ने पति सास, ससुर समेत 4 के खिलाफ दी शिकायत



**नोएडा (करंट क्राइम)।** सेक्टर 74 स्थित आइवी काउंटी सोसायटी में रहने वाली एक आईटी इंजीनियर महिला की बुधवार रात सुसाइड कर लिया। महिला के भाई ने पति, सास-ससुर समेत चार के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में केस दर्ज कराया है। चारों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस मौत के कारणों का पता करने में जुटी है। फरवरी 2023 में की थी शादी गाजियाबाद नेहरू नगर के अनमोल गोयल की बड़ी बहन दीपिका गोयल की शादी फरवरी 2023 में नोएडा सेक्टर 74 के आइवी काउंटी सोसायटी में रहने वाले आदित्य गोयल संग हुई थी। आदित्य गोयल ग्रेटर नोएडा में बेबी प्रोडेक्ट बनाता है। आरोप है कि जीजा आदित्य घर पर बात करने पर मारपीट करते थे। दहेज में मकान व गाड़ी की मांग करते थे। उन्होंने बुधवार को चार बजे बहन से वीडियो कॉल पर बात की थी। रात करीब पौने नौ बजे कामन ग्रुप पर बहन का बाय भी था। आरोप है कि सभी मैसेज पति, सास ससुर ने टाइप कर भेजे थे। पार्क में घूमने का बहाना बुधवार रात जब फोन पर बात कराने के लिए कहा तो ससुराल पक्ष के लोगों ने पार्क में घूमने की बात कही। रात करीब सवा दस बजे पता चला कि दीपिका ने फांसी लगा ली है। अस्पताल पहुंचने पर दीपिका मृत अवस्था में मिली। इस मामले में सेक्टर 113 थाने की पुलिस शिकायत लेकर जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि बुधवार रात को सेक्टर 62 स्थित फोर्टिस अस्पताल से दीपिका के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मेमो मिला था। पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया है।

## इंदिरापुरम में सैनिक, वीर नारियों का सम्मान समारोह का आयोजन आज



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वीर रक्षा फाउंडेशन, नोएडा के तत्वावधान में ₹भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियों सम्मान समारोह₹ का आयोजन 25 जुलाई को सायं 4:30 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन इंदिरापुरम शिप्रा मॉल, स्थित कारगिल विजय दिवस मेला परिसर में संपन्न होगा। यह जानकारी कर्नल जेपी सिंह, शैलेंद्र सिंह व पार्षद संजय सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन वीर योद्धाओं एवं वीर नारियों का सम्मान करना है। जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपने जीवन का अमूल्य योगदान दिया। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए सम्माननीय अतिथि, भूतपूर्व सैनिक, शहीदों के परिजन तथा समाज के अन्य जागरूक नागरिक उपस्थित रहेंगे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के साथ दो महीने तक चली लड़ाई में हिस्सा लेने वाले अधिकारियों और सैनिकों की बहादुरी एवं पराक्रम को याद करने के लिए आयोजन किया जा रहा है।




## किसके सर सजेगा स्वॉट प्रभारी का ताज

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शिवरात्रि की रात कमिश्नरेट में एक थ्री-स्टार के लिए ऐसे मामले का खुलासा हुआ, जिसके बाद पूरे गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सनसनी फैली हुई है। जांच की आंच आई तो सीधे थ्री-स्टार को सस्पेंड कर दिया गया है। तो गाजियाबाद के वो भगवा विधायक जो प्रमुख मुद्दों में शांत नहीं बैठते हैं। उन्होंने भी इस मामले पर गंभीर सवाल और जांच से लेकर खास टेस्ट कराने की मांग लैटर लिखकर उठा डाली है। वहीं बताया जा रहा है कि इस प्रकरण को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में टेंशन वाला माहौल बन गया है। सूत्र बता रहे हैं कि जिस थ्री-स्टार से जुड़ा मामला है। उनका पूर्व वाले साहब के समय में जलवा अलग था। तो वहीं अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नई चर्चा यह है कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नया स्वॉट प्रभारी किसे बनाया जाएगा।




यहां किसी टू-स्टार को मौका दिया जाएगा या थ्री-स्टार को ही यहां की कमान मिलेगी। वैसे बताया जा रहा है कि क्राइम ब्रांच स्वॉट प्रभारी के लिए अधिकारियों के स्तर से खोज की जा रही है। ऐसे नाम ढूंढे जा रहे हैं, जो विवादों से थोड़ा दूर हों। उधर सूत्रों पर भरोसा करें तो अगले कुछ दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बदलाव वाली तबादला लिस्ट भी आएगी। जिसका असर तीनों जोन में पढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस प्रकरण के बाद कई गजेटेड अधिकारी अंदर-अंदर परेशान हो रहे हैं। उनको लग रहा है कि उनके समय के किसी मामले की जांच पर आंच ना आ जाए। इसके साथ ही जिस तरीके से इस पूरे मामले को लेकर लखनऊ और प्रदेश वाले साहब की ओर से दिशा-निर्देश आएंगे, उसका भी गंभीर परिणाम होना बताया जा रहा है। कुल मिलाकर देखना होगा कि इस प्रकरण का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर कितना प्रभाव पड़ता है और किन अधिकारियों को इस मामले में नुकसान होता है। वहीं जिस तरीके का सीन बन रहा है, उस सीन में कौन-कौन शामिल पाया जाता है, इसकी भी जांच होने की प्रबल संभावना बन रही है। कुल मिलाकर देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में स्वॉट वाली हॉट सीट पर किसको मौका मिलता है और कौन इस पारी को किस अंदाज में खेलता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अगले कुछ दिनों में गाजियाबाद में लिस्ट जारी होने के बाद देखना होगा। किसको मौका मिलता है और किसको अभी और प्रयास करने होंगे।

# सन्त निरंकारी मिशन 27 जुलाई को गाजियाबाद में करेगा रक्तदान शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन आशीर्वाद से सन्त निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (सन्त निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा गाजियाबाद में रविवार 27 जुलाई 2025 को स्थानीय लोहिया नगर स्थित अग्रसेन भवन मे रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। निरंकारी मिशन के अनुयायी एवं भक्त मानव कल्याण के लिए रक्तदान करेंगे ताकि मानव का रक्त व्यर्थ न हो और मानव की रगों में ही बहे। बाबा हरदेव सिंह के कथनानुसार 'रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहना चाहिए' इससे प्रेरित होकर रक्तदान को अपनी भक्ति का ही अंग बनाते हुए सभी श्रद्धालु भक्त इस महान अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

रक्त संग्रह हेतु जिला अस्पताल (एमएमजी अस्पताल) के ब्लड बैंक की टीम व दिल्ली से गुरूतेग बहादुर अस्पताल ब्लड बैंक के डॉक्टर और उनकी टीम उपस्थित होंगी। गाजियाबाद के संयोजक सतीश गांधी ने सभी से आग्रह किया है कि जो भी स्वेच्छा से इस रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर रक्तदान करना चाहते है उन सभी का स्वागत है।

## पत्नी से विवाद के बाद घर से निकला युवक ईख के खेत में मिला शव
### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव तलहैटा में गुरुवार को एक माली का शव ईख के खेत में मिला। 34 वर्षीय चंद्रपाल माली बुधवार रात करीब 12 बजे पत्नी से विवाद के बाद घर से निकले थे और फिर लौटे नहीं। चंद्रपाल माली मजदूरी भी करते थे और पत्नी काजल तथा दो बच्चों के साथ रहते थे।

वे तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। बुधवार को ही वे हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटे थे। शाम के समय उनका पत्नी से विवाद हो गया जो रात तक चला। विवाद के बाद चंद्रपाल गुस्से में घर से निकल गए। पत्नी काजल भी उनके पीछे गई लेकिन देर रात अकेली ही लौट आई। चंद्रपाल नहीं लौटे। अगली सुबह जब कुछ किसान खेत पर काम करने जा रहे थे तो उन्हें चंद्रपाल का शव खेत में मेड़ के पास मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया और जरूरी साक्ष्य एकत्र किए गए। मृतक के मुंह से झाग निकल रहे थे।

एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शव पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट से ही मौत का सही कारण पता चलेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है और मामले की जांच जारी है।

## पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति करंट क्राइम

Ashwani Sharma is with Subhash Sharma and Deepak Bhati.
1h

जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल जी के आवास पर रक्षा मंत्री मा.राजनाथ सिंह जी के सुपुत्र और विधायक मा.पंकज सिंह जी क्षेत्रीय अध्यक्ष मा.सतेंदर सिसोदिया जी महानगर अध्यक्ष मा.मयंक गोयल जी एवं वरिष्ठ नेता मा.बृजपाल तेवतिया जी द्वारा मेरे जन्मदिवस पर दी गई शुभकामनाओं का हृदय से आभार 🙏



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वैसे तो भाजपा नेता अश्विनी शर्मा का जन्मदिन हर वर्ष आता है। लेकिन इस वर्ष हैप्पी बर्थडे पूरे हर्ष के साथ मना। पूरी बीजेपी एक साथ थी। और अश्वनी शर्मा को जन्मदिन की बधाई देने के लिए स्थल था। जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल का आवास। हैप्पी बर्थडे की आवाज सुनाई दे रही थी। नोएडा विधायक पंकज सिंह की। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतियां ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस विशेष पल को अश्वनी शर्मा ने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भड़का संघर्ष

## हवाई हमलों और गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

**थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार इस संघर्ष में अब तक 11 नागरिकों की मौत हो चुकी है। थाई सेना के अनुसार, सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई**




**बैगकॉक ।** तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। बीते मई में हुई एक झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले फायरिंग शुरू करने का आरोप लगाया है।

थाईलैंड की सेना ने पुष्टि की कि उसने कंबोडिया में स्थित कुछ लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाईलैंड ने प्राचीन प्रेह विहेयर मंदिर के पास सड़क पर बम गिराए। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसंत कोंगसिरी ने बताया कि कंबोडिया से आई गोलीबारी में एक नागरिक की मौत हुई और एक पांच वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि अब मृतको की संख्या बढ़कर कुल 11 हो गई है।

### प्राचीन मंदिरों के आसपास हुई झड़पें

गुरुवार सुबह पहली झड़प सुरिन प्रांत और ओडर मींचे प्रांत के बीच ता मुएन थोम मंदिर के पास हुई। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि थाई सेना ने उनके क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग बंकरों में छिपते नजर आए।

### राजनयिक संबंधों में गिरावट

गुरुवार सुबह कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सबसे निचले स्तर पर लाने की घोषणा की। उसने थाई राजदूत को निष्कासित किया और अपने सभी स्टाफ को बैंकॉक स्थित दूतावास से वापस बुला लिया। यह कदम थाईलैंड द्वारा अपने पांच सैनिकों के घायल होने के बाद सीमा चौकियों को बंद करने और कंबोडियाई राजदूत को निष्कासित करने के जवाब में उठाया गया।

बारूदी सुरंगों को लेकर विवाद थाई अधिकारियों ने हाल में सीमा पर बारूदी सुरंगों से हुए धमाकों को लेकर कंबोडिया पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ये सुरंगें हाल ही में बिछाई गई हैं और रूसी निर्माण की हैं। जबकि कंबोडिया ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया ।

# रूस: 49 यात्रियों को लेकर जा रहा रूसी विमान क्रैश हुआ, किसी के बचने की संभावना नहीं




**रूस ।** रूस-चीन सीमा पर लापता हुआ रूसी विमान क्रैश हो गया है और उसमें सवार सभी 49 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, विमान में क्रैश होकर आग लग गई। हादसे में किसी के बचने की संभावना नहीं है। कुछ देर पहले रूस के एक स्थानीय अधिकारी ने विमान के लापता होने की जानकारी दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि रूसी एयर ट्रैफिक कंट्रोल का विमान से संपर्क पूर्वी अमूर क्षेत्र में टूटा। यह इलाका रूस और चीन की सीमा पर स्थित है। लापता विमान साइबेरिया स्थित अंगारा एयरलाइंस का एंटोनोव-24 विमान था।

**गंतव्य स्थल से कुछ किलोमीटर पहले ही टूटा संपर्क:** रूसी एजेंसी ळअरर के अनुसार, अंगारा एयरलाइंस का विमान बलागोवेशचेंस्क से चीन सीमा पर मौजूद अमूर क्षेत्र के टाइंडा एयरपोर्ट जा रहा था। विमान में 43 यात्री, जिनमें पांच बच्चे शामिल थे और साथ ही क्रू के छह सदस्य सवार थे। स्थानीय गवर्नर वेसिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर साझा एक पोस्ट में बताया था कि विमान की तलाश की जा रही है। जिस वक्त विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूटा, उस वक्त विमान अपने गंतव्य स्थल से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था। एक बयान में टाइंडा एयरपोर्ट के निदेशक ने बताया है कि विमान के क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई। एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर के क्रू ने इलाके के हवाई सर्वे के बाद बताया कि हादसे में किसी के बचने की संभावना नहीं है।

# यूएन रिपोर्ट में खुलासा: पाकिस्तान-ईरान से निकाले गए अफगानों को तालिबान ने दी यातनाएं



**इस्लामाबाद ।** तालिबान सरकार एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के निशाने पर आ गई है। संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान और ईरान से जबरन निकाले गए कई अफगान नागरिकों को तालिबान ने यातनाएं दीं, धमकाया और मनमाने ढंग से हिरासत में लिया। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान और ईरान लाखों अफगानों को यह कहकर देश से निकाल रहे हैं कि वे अवैध रूप से रह रहे थे। संयुक्त राष्ट्र मिशन की रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान लौटे कई लोग तालिबान के हाथों गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का शिकार हुए। इनमें वे लोग शामिल हैं जो पहले पश्चिम समर्थित सरकार के लिए काम कर चुके थे या ऐसे पेशे से जुड़े थे जो तालिबान की नजरों में संदेहास्पद हैं। कुछ लोगों को जान से मारने की धमकियां मिलीं, तो कई को गुमनाम रहकर जिंदगी बितानी पड़ रही है। शारीरिक यातनाओं का दर्दनाक ब्यौरा रिपोर्ट में एक पूर्व सरकारी अधिकारी का बयान शामिल है, जिसने बताया कि 2023 में लौटने पर उसे बुरी तरह पीटा गया, पानी में डुबोया गया और नकली फांसी की धमकी दी गई। एक अन्य गैर-बाइनरी व्यक्ति ने कहा कि उसे बंदूक की बट से पीटा गया। ये घटनाएं दिखाती हैं कि तालिबान के दावों के उलट, लौटने वाले अफगानों के साथ सख्ती बरती जा रही है। महिलाओं-लड़कियों की स्थिति भयावह संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि किसी को भी ऐसे देश में नहीं भेजा जाना चाहिए जहां उन्हें उनकी पहचान या इतिहास के कारण उत्पीड़न का सामना करना पड़े। उन्होंने अफगान महिलाओं और लड़कियों की स्थिति को विशेष रूप से चिंताजनक बताया, जिन पर तालिबान की सख्त पाबंदियां हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्वामीनारायण मंदिर पर नस्लीय हमला, दीवारों पर लिखे गए नफरत भरे संदेश

**ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में एक बार फिर नस्लीय नफरत का चेहरा सामने आया है। यहां बोरोनिया इलाके में स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर को अज्ञात लोगों ने अपमानजनक और नस्लीय भाषा वाले संदेशों से बदनाम करने की कोशिश की। यह घटना सिर्फ एक धार्मिक स्थल पर हमला नहीं, बल्कि भारतीय समुदाय की भावनाओं पर सीधा प्रहार है**



**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियन न्यूज आउटलेट 'ऑस्ट्रेलिया टुडे' के मुताबिक, मंदिर की दीवार पर लाल रंग से ह्यगो होम ब्राउन...ह्ल जैसे नफरत भरे नस्लीय शब्द लिखे गए। यही नहीं, पास के दो एशियाई रेस्टोरेंट की दीवारों पर भी इसी तरह की अभद्र भाषा पाई गई है। हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने जताया आक्रोश हिंदू काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया (विक्टोरिया चैप्टर) के अध्यक्ष मकरंद भगवत ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर शांति, भक्ति और एकता का प्रतीक है। इस तरह की घटना हमारी धार्मिक स्वतंत्रता और पहचान पर हमला है।

विक्टोरिया की मुख्यमंत्री का संदेश हालांकि विक्टोरिया की मुख्यमंत्री जैसिंटा एलन ने अब तक सार्वजनिक रूप से इस घटना की निंदा नहीं की है, लेकिन उनके कार्यालय ने मंदिर प्रबंधन को एक निजी संदेश भेजा है। उन्होंने इसे घृणास्पद, नस्लीय और डर फैलाने वाला कृत्य बताया। एलन ने कहा कि विक्टोरिया पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

चार घटनाओं की जांच में जुटी पुलिस पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, बोरोनिया और बेजवाटर क्षेत्रों में चार घटनाएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। इन सभी स्थानों पर ग्राफिटी पेंट किया गया। मंदिर, दो रेस्टोरेंट और एक हीलिंग सेंटर को निशाना बनाया गया है। पुलिस ने कहा कि समाज में ऐसे नफरत भरे व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं है।

भारतीय समुदाय में आक्रोश, एकता की अपील इस घटना के बाद हिंदू और बहुसांस्कृतिक संगठनों ने एकजुट होकर नफरत के खिलाफ आवाज उठाई है। स्थानीय समुदाय और ह्यसिटी ऑफ ग्रेटर नॉक्सह्ल की मल्टीफेथ नेटवर्क ने मंदिर को समर्थन देने का भरोसा दिलाया है।

# पीएम मोदी बोले: आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों की जगह नहीं, समय की मांग विस्तारवाद नहीं, विकासवाद




**भारत और ब्रिटेन ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इससे ब्रिटिश व्हिस्की, कारों और कई वस्तुओं पर टैरिफ में कमी आएगी। इसके साथ ही द्विपक्षीय व्यापार में सालाना लगभग 34 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी होगी**

**लंदन ।** समझौते के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक दिवस है। मुझे खुशी है कि कई वर्षों की मेहनत के बाद आज दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। समझौता महज आर्थिक साझेदारी नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि की योजना है। ये समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और टरटए क्षेत्र के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा।'

पहलगाम हमले का जिक्र पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कठोर निंदा के लिए हम प्रधानमंत्री स्टार्मर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हम इस बात पर भी सहमत हैं, कि अतिवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक आजादी का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि हिंद-प्रशांत में शांति और स्थिरता, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर हम विचार साझा करते रहे हैं। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। आज के युग की मांग विस्तारवाद नहीं विकासवाद ही है।' 'आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन' पीएम मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री स्टार्मर के गर्मजोशी भरे स्वागत-सत्कार के लिए, हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। आज हमारे संबंधों में एक एतिहासिक दिन है। मुझे खुशी है कि कई वर्षों की मेहनत के बाद आज दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। एक ओर भारतीय टेक्सटाइल्स, फुटवियर, रत्न और आभूषण, सी-फूड और इंजीनियरिंग गुड्स को ब्रिटेन में बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी। 'ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर बनेंगे' उन्होंने कहा, 'भारत के ऐग्रिकल्चर उत्पादन और प्रोसेस्ड फूड उद्योग के लिए ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर बनेंगे। भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई सेक्टर के लिए यह समझौता विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा।

# अमेरिका की खोई साख बहाल की, कई संघर्ष विराम भी कराए, लेविट ने गिनाई ट्रंप की छह महीनों की उपलब्धियां




**वॉशिंगटन ।** दुनियाभर के कई हिस्सों में चल रहे तनावपूर्ण स्थिति के बीच व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने वैश्विक मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप की मजबूत नेतृत्व पर जोर दिया। मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान लेविट ने कहा कि ट्रंप ने केवल छह महीनों में अमेरिका की साख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहाल किया है और कई बड़े देशों के बीच शांति समझौते कराए हैं।

इस दौरान लेविट ने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव का भी जिक्र किया। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रोकने के लिए सीजफायर सुनिश्चित किया, जो दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए एक बड़ा कदम है।

ईरान-इस्राइल युद्ध भी खत्म करने का दावा लेविट ने प्रेस वार्ता के दौरान बीते दिनों परमाणु कार्यक्रम को लेकर इस्राइल और ईरान के बीच हुए संघर्ष का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह खत्म कर दिया है, जिससे इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने शांति के लिए ताकत की नीति अपनाई, जिसने मध्य पूर्व में तनाव को कम किया।

### नाटो देशों को रक्षा खर्च बढ़ाने को राजी किया

इस दौरान व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने नाटो देशों को ट्रंप द्वारा रक्षा खर्च बढ़ाने की के लिए राजी करने की बात पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रंप की अगुवाई में नाटो सदस्य देशों ने अपने रक्षा खर्च को बढ़ाकर जीडीपी का पांच% तक करने का वादा किया है। यह अमेरिका की पुरानी मांग रही है कि नाटो के सदस्य देश अपनी सैन्य भागीदारी और जिम्मेदारी को गंभीरता से लें। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अफ्रीकी देशों रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के बीच भी एक ऐतिहासिक शांति समझौता कराया, जो वर्षों से संघर्ष झेल रहे इन देशों के लिए राहत लेकर आया है।

### तीन बार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित

इसके साथ ही अपने बयान के अंत में प्रेस सचिव लेविट ने कहा कि इन तमाम शांति प्रयासों के चलते राष्ट्रपति ट्रंप को अब तक तीन अलग-अलग नोबेल शांति पुरस्कार नामांकन मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ केवल छह महीनों में हुआ है, जो ट्रंप के नेतृत्व की प्रभावशीलता को दिखाता है।

# अमेरिका में प्रजनन दर अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंची, मां बनने में महिलाओं की रुचि कम हुई

**अमेरिका में भी लोग अब बच्चे पैदा करने से कतरा रहे हैं और इसी का नतीजा है कि अमेरिका में प्रजनन दर साल 2024 में सबसे न्यूनतम रही अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में हर महिला 1.6 बच्चों से भी कम बच्चे पैदा कर रही है। एक समय अमेरिका में औसतन प्रजनन दर प्रति महिला 2.1 बच्चे था, लेकिन बीते दो दशकों से अमेरिका में प्रजनन दर में भारी कमी आई है और अब वहां की महिलाएं या तो बच्चे पैदा करने में लंबा समय ले रही हैं या फिर बच्चे पैदा ही नहीं कर रही हैं**



**वॉशिंगटन ।** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने ताजा आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें साल 2024 के आंकड़े दिए गए हैं। सीडीसी ने बताया कि 1960 की शुरूआत में अमेरिका में प्रजनन दर 3.5 के करीब थी, लेकिन साल 1976 में यह गिरकर 1.7 बच्चे प्रति महिला रह गई। हालांकि साल 2007 तक यह आंकड़ा 2.1 बच्चे प्रति महिला रहा, लेकिन इसमें फिर से गिरावट हुई, जो अभी भी जारी है। आंकड़ों के अनुसार, लगभग हर महिला वर्ग में बच्चों के जन्म में गिरावट आई है और आशंका है कि आने वाले वर्षों में भी ये गिरावट जारी रह सकती है। लोग देर से शादी कर रहे हैं और पैसों को लेकर चिंता, स्वास्थ्य बीमा और अन्य संसाधनों पर बढ़ते खर्च के चलते लोग बच्चे पैदा करने से कतरा रहे हैं।

**अमेरिकी विशेषज्ञ प्रजनन दर में गिरावट से चिंतित नहीं:** विश्व बैंक के डेटा के अनुसार, ये आंकड़े पश्चिमी यूरोपीय देशों की प्रजनन दर के बराबर है। प्रजनन दर में गिरावट के बाद अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने प्रजनन दर बढ़ाने के लिए कुछ कदम उठाए हैं जैसे आईवीएफ तकनीक से गर्भधारण की लागत में कमी की गई है। साथ ही बेबी बोनस का भी एलान किया गया है, जिससे ज्यादा लोग बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित हो सकते हैं। हालांकि कोलोराडो यूनिवर्सिटी के अध्ययन के अनुसार, प्रजनन दर में गिरावट चिंता की बात नहीं हैं क्योंकि अमेरिका में अभी भी मरने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा बच्चे पैदा हो रहे हैं। इससे प्राकृतिक तौर पर अमेरिकी जनसंख्या बढ़ रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर, गाजियाबाद

पत्रांक: 675 /न0पा0परि0खो0म0गा0 / 2025 दिनांक: 21 जुलाई, 2025

–:: सार्वजनिक सूचना ::–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में गृहकर निर्धारण हेतु स्वकर निर्धारण पद्धति प्रचलित है। भवन स्वामी अपने भूमि/भवन के आच्छादित क्षेत्रफल (कवर्ड एरिया) के आधार पर गणना करके अपने भवन (आवासीय/अनावासीय) का स्वकर प्रपत्र भरकर साक्ष्यों सहित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। जिसके आधार पर गृहकर निर्धारण की कार्यवाही की जायेगी। जिन भवन स्वामियों द्वारा अभी तक अपना गृहकर जमा नहीं कराया गया है तथा अपने भवन के सम्बन्ध में स्वकर प्रपत्र भरकर कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे समस्त भवन स्वामी/अध्यासी अपने भवन के आच्छादित क्षेत्रफल की गणना करके स्वकर प्रपत्र तीन माह की अवधि के भीतर कार्यालय में जमा करा सकते है। अन्यथा की स्थिति में नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर द्वारा स्वयं सम्पत्ति का मूल्यांकन करके कर निर्धारण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(अभिषेक कुमार)
अधिशासी अधिकारी

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे गणमान्य






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का सिलसिला जारी है। गुरुवार को उनके लोहिया नगर स्थित आवास पर राजनीति और समाज सेवा से जुड़े गणमान्य लोगों ने पहुंचकर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आज पूर्व राष्ट्रपति होंगे गाजियाबाद में आईटीएस में देंगे लेक्चर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज यानी 25 जुलाई को गाजियाबाद आएंगे। वे मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में संस्थापक स्मृति व्याकरण शृंखला के तहत श्री कृष्ण लाल चड्ढा मेमोरियल में लेक्चर देंगे। चाणक्य ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस विशेष लेक्चर में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद विजन 2047 विकसित भारत के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा विषय पर छात्रों को संबोधित करेंगे। इस व्याख्यान में छात्रों के अलावा शिक्षा जगत के लोग भी शामिल होंगे।

कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर आरपी चड्ढा ने कहा कि कॉलेज के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण विषय है कि पूर्व राष्ट्रपति कॉलेज में छात्रों को संबोधित करेंगे। यह आयोजन न केवल शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन का काम करेगा बल्कि देश के नीति निर्माता और संस्थागत नेतृत्व के मध्य संवाद और समन्वय का उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा। इस मौके पर वाइस चेयरमैन साहिल चड्ढा ने सभी सदस्यों के साथ कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की।

# वैशाली सेक्टर-5 डिजाइन आर्क सोसाइटी में भीषण आग, दमकल ने पाया आग पर काबू





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-5 स्थित डिजाइन आर्क सोसाइटी के एल-101 नंबर फ्लैट में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग का कारण फ्रिज में शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। वैशाली सेक्टर पांच की डिजाइन आर्क सोसायटी में दूसरे तल पर कपिल गर्ग रहते हैं। गुरुवार सुबह करीब पौने 12 बजे निवासियों ने फ्लैट से आग की लपटें देखकर दमकल विभाग को सूचना दी। दमकलकर्मियों ने पाया कि आग इमारत की दूसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट में भयानक रूप ले चुकी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे फ्लैट को अपनी चपेट में ले लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला। एक टीम ने बालकनी से होज पाइप फैलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, वहीं दूसरी टीम ने फ्लैट का गेट तोड़ते हुए एक और होजलाइन अंदर फैलाई और अंदरूनी हिस्सों में लगी आग को बुझाने में जुट गई। सीएफओ राहुल पाल के निर्देशन में फायर यूनिट ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से पहले नियंत्रित कर लिया। विशेष रूप से सराहनीय यह रहा कि दमकल विभाग की समय पर प्रतिक्रिया और सूझबूझ से आग पास के अन्य फ्लैटों तक नहीं पहुंच सकी और एक बड़ा हादसा टल गया।

# ऐतिहासिक होगी रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद ' ग्रीनाथॉन'


## 27 जुलाई को आयोजित होने वाले ग्रीनाथॉन की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पर्यावरण के प्रति लोगों मे जागरूकता लाने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा 27 जुलाई दिन रविवार को सुबह 5:30 बजे से आयोजित की जाने वाली मैराथन ऐतिहासिक होगी, इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों के द्वारा लगातार सम्पर्क किया जा रहा है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स व अन्य अधिकारियों के द्वारा पूरे आयोजन की तैयारियों को लेकर फाइनल रूप दे दिया गया है। तय की गयी रूप रेखा के अनुसार सिटी फॉरेस्ट में प्रातः 5 बजे से जुम्बा और भांगड़ा का कार्यक्रम रखा गया है और प्रातः 5:30 बजे से 21.1 किलो मीटर की हाफ मैराथन दौड़ की शुरूआत होगी , 10 किलों मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा प्रातः 5:45 बजे से रखने का तय किया गया है जबकि 5 किलो मीटर की दौड़ का आयोजन प्रातः 6:15 बजे से किया जायेगा।

इसी तरह 3 किलो मीटर की फन दौड़ प्रातः 6:30 बजे से होगी । प्रातः 8:30 से 9:00 बजे के बीच एक दौड़, एक पेड माँ के नाम से वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है ।

### जुम्बा और भांगड़ा का भी लुत्फ उठा सकेंगे प्रतिभागी : अतुल वत्स



**करंट क्राइम।** प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने कहा कि चूंकि 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस है, इसको ध्यान में रखते हुए आयोजित होने वाली 'ग्रीनाथॉन ' की थींम रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद के मद्देनजर ही हॉल में टी– शर्ट के कलर और लोगो को अंतिम रूप दिया गया बल्कि आयोजन में हिस्सा लेने वाले अतिथियों और प्रतिभागियों को टी –शर्ट के वितरण की प्राधिकरण स्टाफ को जिम्मेदारी दी गयी है। प्राधिकरण द्वारा मैराथन में हिस्सा लेने के लिए आनलाइन आवेदन की व्यवस्था दी गई है । बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे है, इसके साथ साथ प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा अनेक संस्थाओ से भी सम्पर्क किया जा रहा है। संस्थाओ के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक की जा रही है। इस मैराथन से प्रत्येक उम्र के लोग जुडे सकें इसके लिए इसे चार अलग श्रेणियों में रखा गया है, अर्थात 21.1 किलो मीटर, 10 किलो मीटर, 5 और 3 किलो मीटर फन रन।

### मैराथन की शुरुआत सिटी फारेस्ट, राजनगर एक्सटेंशन से होगी

**करंट क्राइम।** मैराथन की शुरुआत सिटी फारेस्ट से की जाएगी, एलीवेटेड रोड होते हुए मार्ग तय किया गया है। इस दिवस पर हिंडन नदी के किनारे पौधे भी लगाए जाएंगे। मैराथन में हिस्सा लेने वालों को टी शर्ट,मैडल तथा सार्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। मैराथन में विजेताओं को नगद धनराशि से भी सम्मानित किया जाएगा। 21.1 किलो मीटर मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 21 हजार की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ साथ प्रथम रनर को 11 हजार एवं द्वितीय रनर को 5100 रूपए एवं 10 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 11 हजार एवं प्रथम रनर को 5100 और द्वितीय रनर को 3100 एवं 5 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 5100 तथा प्रथम रनर को 3100 और द्वितीय रनर को 2100 नगद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा।

# 27 जुलाई को होगा वसुंधरा सेक्टर 1 में तीज महोत्सव का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम) ।** वसुंधरा सेक्टर 1 एलआईजी कॉलोनी में 27 जुलाई को तीज महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक बैठक गुरुवार को चंद्रशेखर पार्क में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के तहत किया जाएगा।

समिति की सचिव रिचा त्यागी ने बताया कि 27 जुलाई को होने वाले तीज महोत्सव में महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, गेम, रास्सा खींच अपना बच्चा पहचानो आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नृत्य समूह, नृत्य, क्विज आदि गतिविधियों की जाएगी। इस मौके पर समिति अध्यक्ष निशा त्यागी, उपाध्यक्ष उर्मिला शर्मा, राधा तिवारी, कोषाध्यक्ष मनीषा वशिष्ठ, शालिनी त्यागी, सीमा शर्मा, सविता मिश्रा, सविता यादव, श्रीदेवी पाल, पिंकी त्यागी, बबीता वत्स, सरोज कौशिक, पूजा जोहरी, कनक रस्तोगी, सरिता यादव आदि शामिल थी।

# वैशाली सेक्टर 3 एफ ब्लॉक की गलियों में हुआ जलभराव





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर 3 एफ में जलभराव और गंदे पानी की समस्या बहुत गंभीर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि हल्की बारिश में भी जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय निवासी हरमेल सिंह ने बताया कि यह समस्या न केवल दैनिक जीवन को प्रभावित कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकती है। गंदे और बदबूदार पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य समस्याओं का बढ़ना, बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती गई। जल निकासी की व्यवस्था में सुधा कोई सुधार नही है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से संपर्क करने के बाद भी कई समाधान नही है। सेक्टर 3 वैशाली वार्ड नंबर 77 पिछले कुछ सालों से तीन गलियों की हालात कुछ ऐसी है कि थोड़ी देर की बारिश के बाद भी सड़कों पर पानी कई दिनों तक भरा रहता है। सुबह-सुबह बच्चों को स्कूल जाने में तो परेशानी है ही और अब बीमारियों का भी प्रकोप बढ़ गया है।

# जिला आपदा प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न चिह्नित स्थलों पर होगी मॉक ड्रिल : सौरभ भट्ट



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए के निर्देशानुसार तथा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपीएसडीएमए) के दिशा-निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / सचिव, जिला आपदा प्राधिकरण सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में आईआरएस सदस्यों के साथ डीडीएमए गाजियाबाद की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के पाँच चिन्हित स्थलों पर मॉक ड्रिल आयोजित करने पर विस्तृत चर्चा हुई, जो 1 अगस्त 2025 को की जायेगी, जिसके लिए निर्धारित स्थल हैं – तहसील मोदीनगर का सरकारी कार्यालय, इंग्राह्म स्कूल राजनगर, जिला संयुक्त चिकित्सालय संजय नगर, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम डिपो लोनी तथा वीवीआईपी रेजीडेन्स।

इस अवसर पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आपदा के समय समन्वय, तैयारी और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु रणनीतियों पर चर्चा की गई।

# पार्षद नरेश भाटी ने पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को वसुंधरा वार्ड 74 के पार्षद नरेश भाटी ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के तहत वार्ड के सभी पार्कों में सैकड़ों पौधे लगाए जा रहे हैं। पार्षद नरेश भाटी न बताया कि इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं। इस मौके पर सभी लोगों को पर्यावरण के प्रतीक संकल्प दिलवाया और अधिक से अधिक पौधा लगने की मांग की।

# सहकारी समितियों पर भेजा गया 204.75 मै. टन यूरिया उर्वरक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता गाजियाबाद ने वर्तमान में धान की फसलों में यूरिया उर्वरक की टॉप-ड्रेसिंग का कार्य चल रहा है, ऐसे में कृषकों में यूरिया उर्वरक की मांग में वृद्धि हुई है। कांवड़ यात्रा के दौरान जनपद के कुछ मार्गों पर पूर्ण रूप से यातायात प्रतिबंधित होने के कारण जनपद की अधिकांश सहकारी समितियों पर उपलब्ध यूरिया उर्वरक वितरित कर दिया गया था। यातायात सामान्य होने के उपरान्त गुरुवार को जनपद की 12 सहकारी समितियों पर उर्वरक आपूर्ति कर दिया गया है। जहाँ से जनपद के कृषक अपनी फसलों में प्रयोग करने हेतु यूरिया उर्वरक खरीद सकते हैं।

सहकारी समितियों को आवंटित मै0टन में यूरिया उर्वरक की मात्रा में साधन सहकारी समिति भोजपुर को 31.50 मै0टन व साधन सहकारी समिति निवाडी, साधन सहकारी समिति पतला, साधन सहकारी समिति चिरौडी, साधन सहकारी समिति डिडौली, साधन सहकारी समिति किल्हौडा, साधन सहकारी समिति नंगला अक्खू, साधन सहकारी समिति डासना, साधन सहकारी समिति रावली, साधन सहकारी समिति सुल्तानपुर, साधन सहकारी समिति अतरौली व साधन सहकारी समिति सैदपुर को 15.75 मै0टन प्रति समिति को आंवटित किया गया।

# पार्षद राजकुमार भाटी ने कार्यकर्ताओं के साथ किया बूथ समितियों के पुनर्गठन का कार्य



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बूथ समितियों के पुनर्गठन का कार्य किया गया। पार्षद राजकुमार भाटी ने बताया कि एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो स्थानीय चुनावों या राजनीतिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है।

यह सुनिश्चित करता है कि बूथ स्तर पर समितियां प्रभावी ढंग से काम करें, और स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। इसमें बूथ समितियों के सदस्यों का चयन, प्रशिक्षण और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करना शामिल है। यह सुनिश्चित करता है कि बूथ स्तर पर समितियां प्रभावी ढंग से काम करें, और स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। इस अवसर पर कमल चौहान, संदीप कुमार, संजय सिंह, मदन बिष्ट, धर्मेंद्र सिंह, इंदु नौटियाल, सुषमा शर्मा, सविता गोसाई आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

